इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्व स वेत्ति "

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**आज जयंती**



वर्ष- 43 | अंक -312 | राजनांदगांव, बुधवार 02 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# दरगाह हो या मंदिर... सड़क के बीच अवरोध नहीं बन सकते, बुल्डोजर एक्शन पर सुको की टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह स्पष्ट करेगा कि किसी व्यक्ति का अपराध में आरोपित या दोषी होना उसकी संपत्ति को बुल्डोजर से ढहाने का आधार नहीं हो सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस संबंध में पूरे देश के लिए दिशा निर्देश तय किये जाएंगे लेकिन कोर्ट अवैध निर्माण, अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देगा।

1. कोर्ट ने आरोपितों की संपत्ति ढहाने और एक विशेष समुदाय को निशाना बनाए जाने के आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी करके फैसला सुरक्षित रखते हुए निजी संपत्तियों पर बुल्डोजर कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। हालांकि कोर्ट ने सरकारी जमीन और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण और अवैध कब्जों के प्रति कड़ा रुख बरकरार रखते हुए स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, सरकारी भूमि, जलाशय, रेलवे लाइन आदि पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई पर रोक नहीं है।

2. कोर्ट ने कहा कि सड़क के बीच में कोई धार्मिक स्थल हो चाहें वह दरगाह हो या मंदिर हटने चाहिए। वे अवरोध नहीं बन सकते, लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। कोर्ट किसी अवैध निर्माण या अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देगा। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि किसी का भी अवैध निर्माण क्यों न हो वह किसी भी धर्म या आस्था का क्यों न हो हटना चाहिए।



3. कोर्ट ने कहा कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं हम किसी समुदाय विशेष के लिए दिशा निर्देश तय नहीं करेंगे, पूरे देश के लिए सभी नागरिकों के लिए, सभी संस्थाओं के लिए दिशा निर्देश तय करेंगे। पीठ ने ये टिप्पणी तब की जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यहां याचिका दाखिल करने वाले इस तरह की धारणा बना रहे हैं जैसे कि एक समुदाय विशेष को निशाना बनाकर उनके खिलाफ बुल्डोजर कार्रवाई की जा रही है। जबकि ये ठीक नहीं है।

4. उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों की ओर से पेश हो रहे सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि मध्य प्रदेश में बहुत से हिन्दुओं के मकान ढहाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किसी व्यक्ति के किसी अपराध में आरोपित या दोषी होने के आधार पर कभी नहीं की जाती। अपराध में आरोपित या दोषी होना कार्रवाई का आधार कभी नहीं हो सकता चाहें कोई हत्या, दुष्कर्म या आतंकवाद का ही आरोपी क्यों न हो।

5. उन्होंने कहा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई निर्माण संबंधी स्थानीय कानूनों, टाउन प्लानिंग, म्युनिसिपल कानून और ग्राम पंचायत आदि कानूनों के उल्लंघन पर तय प्रक्रिया के मुताबिक होती है। नोटिस भेजा जाता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान ने इजरायल पर दागी 100 से ज्यादा मिसाइलें, बजने लगे सायरन; अमेरिका ने किया था अलर्ट



यरुशलम/बेरूत। इजरायली सेना का कहना है कि ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागी हैं और पूरे देश में हवाई हमले के सायरन बज रहे हैं। निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और बम आश्रयों के पास रहने का आदेश दिया गया है। इजरायल ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान ने हमले नहीं रोके तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

### अमेरिका ने किया था अलर्ट

वहीं, मंगलवार को अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि ईरान इजरायल के खिलाफ एक आसन्न बैलिस्टिक मिसाइल हमले की तैयारी कर रहा है। इस तरह के किसी भी हमले के लिए तेहरान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। यह चेतावनी तब आई जब इजरायल ने कहा कि उसने ईरान समर्थित मिलिशिया हिजबुल्लाह को निशाना बनाने के लिए लेबनान में जमीनी हमला किया है।

### यूएस का इजरायल को समर्थन

व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका को संकेत मिले हैं कि ईरान इजरायल के खिलाफ एक बैलिस्टिक मिसाइल हमला करने की तैयारी कर रहा है। हम इस हमले के खिलाफ इजरायल की रक्षा के लिए रक्षात्मक तैयारियों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहे हैं।

### भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि इजरायल के खिलाफ ईरान द्वारा सीधे सैन्य हमले के ईरान के लिए गंभीर परिणाम होंगे। जबकि, ईरान ने कहा है कि नसरल्लाह की हत्या से इजरायल का विनाश होगा, हालांकि विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि तेहरान इजरायल का सामना करने के लिए सैनिकों को तैनात नहीं करेगा।

## विवाद से विश्वास स्कीम 2024 : करदाताओं के लिए खुशखबरी, निपटा सकते हैं पुराने इनकम टैक्स

नई दिल्ली। करदाताओं के पुराने इनकम टैक्स विवादों को समाप्त करने के लिए लाई गई 'विवाद से विश्वास स्कीम 2024' सोमवार से लागू हो गई है। इस स्कीम का ऐलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आम बजट 2024 की स्पीच के दौरान किया गया था। इस स्कीम का उद्देश्य देश में इनकम टैक्स के पुराने विवाद को समाप्त करना है।



### विवाद से विश्वास स्कीम

विवाद से विश्वास स्कीम 2024 के जरिए 22 जुलाई, 2024 तक आयकर आयुक्त (अपील), आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित प्रत्यक्ष कर के मामलों को निपटाया जा सकता है। विवाद से विश्वास स्कीम 2024 का फायदा कोई भी व्यक्ति उठा सकता है, जिसका इनकम टैक्स के बकाया को लेकर मामला लंबित है। हालांकि, वे लोग इस स्कीम का फायदा नहीं उठा सकते हैं, जिन पर खोज और जब्ती, विदेशों में अघोषित आय जैसे गंभीर आयकर के मामले चल रहे हो। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारतीय वायुसेना देश के दुश्मनों को उनके घर में मार गिराने में सक्षम, राजनाथ सिंह का बड़ा बयान

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि भारतीय वायुसेना दूर देश के दुश्मनों को उनके घर में मार गिराने में सक्षम है। राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नेशनल वार मेमोरियल में एक कार्यक्रम को संबोधित कर जोर देते हुए कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' दृष्टिकोण को मूर्तरूप देने की दिशा में सरकार ने अपनी पूरी प्रतिबद्धता दिखाई है। देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को भारतीय सेनाओं में भर्ती होकर अपनी सेवाएं देनी चाहिए, ताकि उनका जीवन देश की सेवा, शौर्य और गौरव से ओतप्रोत रहे।



### राजनाथ ने की वायुसैनिकों की तारीफ

रक्षा मंत्री ने कठिन परिस्थितियों में वीरता, प्रतिबद्धता और देशभक्ति के साथ वायुसैनिकों की भारत माता की सेवाओं के लिए जोरशोर से प्रशंसा की। रक्षा मंत्रालय ने रक्षा मंत्री के हवाले से बताया कि भारतीय वायुसेना ने अपने देश और लोगों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह दुश्मन के क्षेत्र में अंदर तक घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

### कार रैली को दिखाई हरी झंडी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम वायुसेना को अत्याधुनिक युद्धक विमानों से लैस करने को प्रतिबद्ध हैं और आत्मनिर्भर भारत अवधारणा के तहत इनके लिए और उत्पादन भी करेंगे। भारतीय वायुसेना के 92वीं वर्षगांठ से पूर्व आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री ने 'वायुवीर विजेता' कार रैली को रवाना किया। सात हजार किलोमीटर लंबी रैली लद्दाख के थोइज से रवाना होकर अरुणाचल प्रदेश स्थित तवांग में समाप्त हो जाएगी। आगामी आठ अक्टूबर को दुनिया के सबसे ऊंचे वायुसेना स्टेशनों में समुद्र तल से 3,068 मीटर ऊपर यह आयोजन होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बंद राइस मिल से 11.94 करोड़ के धान की हेराफेरी, संचालक पर होगी एफआईआर

बैकुंठपुर। कोरिया जिले के पटना ब्लॉक के चितमारपारा में ढाई-तीन साल से बंद राइस मिल में 3852.17 मेट्रिक टन यानी 11.94 करोड़ रुपए के धान की हेराफेरी करने वाली संचालक कमला ठाकुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। मामले में अमानत राशि, बैंक गारंटी, पीडीसी, एफडीआर राशि को जब्त कर वसूली होगी।

वहीं राइस मिल को 3 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड भी कर दिया गया है। अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम के नेतृत्व में कमेटी गठित कर चितमारपारा पटना स्थित मेसर्स मंगल राइस मिल की जांच कराई गई थी। इस दौरान राइस मिल परिसर के प्रतिनिधि एवं मिल कर्मचारियों की उपस्थिति में धान, चावल भंडारण का भौतिक सत्यापन हुआ। मंगल राइस मिल में धान एवं चावल की मात्रा (स्टॉक) नहीं पाया गया।

वहीं राइस मिल संचालक कमला ठाकुर ने भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में शासन की निर्धारित चावल की मात्रा जमा नहीं किया है। जांच में राइस मिल प्रतिनिधि एवं कर्मचारी ने इस संबंध में समाधान कारक जवाब एवं सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। मामले में मेसर्स मंगल राइस मिल की संचालक कमला ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार है, ये दामादों की पार्टी- पीएम मोदी

पलवल। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी ने मंगलवार (1 अक्टूबर को) पलवल में चुनावी रैली की। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है।



पीएम मोदी ने इस रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा, चुना के समय कांग्रेस एमएसपी को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। लेकिन कांग्रेस की सरकार यहां सिर्फ 3-4 फसलों पर एमएसपी देती थी। आज भाजपा सरकार 24 फसलों की खरीद में एमएसपी दे रही है। पिछले 8 सीजन में एमएसपी के रूप में यहां के लाखों किसानों को 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में मिली है।

### कांग्रेस दलालों और दामादों की पार्टी - पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है। ये दलालों और दामादों की पार्टी बन गई है। कांग्रेस के राज में यहां जमीन की दलाली करने वाले मालामाल हो गए। जबकि किसान को सिर्फ 2 रुपये का मुआवजा मिला।

### कांग्रेस ने सबको उलझाए रखा

पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने देश के लिए जरूरी हर विषय को उलझाकर रखा। अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में संविधान पूरी तरह से लागू नहीं होने दिया। उसने हमारी बहनों को संसद और विधानसभा में आरक्षण से वंचित रखा। उसने हमारी मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की समस्या में उलझाए रखा। कांग्रेस ने देश की, देशवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया बल्कि अपने परिवार को स्थापित करने में पूरी शक्ति लगा दी। पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आज लगेगा साल का आखिरी सूर्य ग्रहण

नई दिल्ली। साल का आखिरी सूर्य ग्रहण 02 अक्टूबर को लगने वाला है। इस दिन आश्विन अमावस्या भी है। सूर्य ग्रहण अमावस्या तिथि पर ही लगता है। आश्विन अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या भी कहा जाता है।



सूर्य ग्रहण के दौरान पृथ्वी पर मायावी ग्रह राहु का प्रभाव बहुत बढ़ जाता है। वहीं, सूर्य की शक्ति क्षीण हो जाती है। इसके लिए शास्त्रों में ग्रहण के दौरान शुभ काम करने की मनाही होती है। साथ ही खानपान से भी परहेज करने की सलाह दी जाती है। लेकिन क्या आपको पता है कि 02 अक्टूबर को कब ग्रहण लगेगा। ज्योतिषियों की मानें तो सूर्य ग्रहण से 12 घंटे पूर्व सूतक लगता है। हालांकि, ग्रहण न दिखने पर सूतक मान्य नहीं होता है। वहीं, चंद्र ग्रहण से 09 घंटे पूर्व सूतक लगता है। ग्रहण समाप्त होने तक सूतक प्रभावी रहता है।

इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। ग्रहण के बाद स्नान-ध्यान कर पूजा-पाठ किया जाता है। इसके बाद दान-पुण्य किया जाता है। खगोलीय गणना के अनुसार, सूर्य ग्रहण 02 अक्टूबर यानी सर्वपितृ अमावस्या को भारतीय समयानुसार रात 09 बजकर 12 मिनट पर शुरू होगा. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रायपुर में खेला जाएगा इंटरनेशनल मास्टर लीग

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इंटरनेशनल मास्टर लीग टी20 के मैच होंगे। लीग के मैचों के लिए रायपुर के स्टेडियम का चयन किया गया है। मुंबई, लखनऊ और रायपुर में मैच होंगे। इंटरनेशनल मास्टर लीग टी20 के मैच होने वाले हैं। ये मैच मुंबई, लखनऊ और रायपुर में होंगे। लीग में भारत समेत 6 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। सचिन तेंदुलकर भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।



**◦ सचिन तेंदुलकर करेंगे भारतीय टीम की कप्तानी**
**◦ मुंबई और लखनऊ में भी होंगे मैच**

### गावस्कर को बनाया गया लीग का कमिश्नर

सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के इनिशिएटीव से आईएमएल शुरू होगी। गावस्कर को लीग का कमिश्नर बनाया गया है। वहीं सचिन तेंदुलकर कप्तानी करेंगे। लीग में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की टीमें भी हिस्सा लेंगी। 6 देशों का टूर्नामेंट अब हर साल होगा। पीएमजी स्पोर्टस ने इस लीग को कराने की जिम्मेदारी उठाई है।

### टी-20 ने इस खेल को नए फैन्स दिए - सचिन


सचिन बोले- क्रिकेट भारत ही नहीं, दुनियाभर में तेजी से विकसित हो रहा है। लेकिन पिछले दशक में टी-20 ने तेजी से अपनी पहचान बनाई और इस खेल को नए फैन्स दिए। नए और पुराने फैन्स एक बार फिर मैदान पर दिग्गजों को देखने के लिए उत्साहित हैं।

### एक खिलाड़ी हमेशा खेलने के लिए तैयार रहता है

उन्होंने कहा कि, एक खिलाड़ी कभी भी मन से रिटायर नहीं होता है। उनके अंदर हमेशा एक खिलाड़ी खेलने के लिए तैयार रहता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जम्मू-कश्मीर चुनाव : अंतिम चरण में करीब 67 फीसदी मतदान, ईव्हीएम में कैद 415 प्रत्याशियों का भविष्य; 8 अक्टूबर को आएंगे नतीजे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में मतदाताओं के उत्साह ने अलगाववाद की सियासत के चक्रव्यूह को ध्वस्त कर दिया और प्रदेश में लोकतंत्र की नई कहानी लिख दी। लोकतंत्र का उत्सव मनाने के लिए मतदाता उमड़ पड़े। कठुआ से लेकर जम्मू तक अंतरराष्ट्रीय सीमा और उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा तक मंगलवार सुबह से मतदाताओं में खासा उत्साह दिखा।



### 67 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान

सुबह से ही मतदान केंद्रों पर कतार दिखने लगी। कोई बैंड-बाजे के साथ पहुंचा और कोई सब काम छोड़ लोकतंत्र के उत्सव में शामिल हुआ। तीसरे व अंतिम चरण में 67 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। तीसरे व अंतिम चरण में 40 सीटों पर 415 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है। सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना आठ अक्टूबर को होगी।

जम्मू संभाग की 24 और कश्मीर की 16 सीटों पर मतदान हुआ। अलगाववादी सैयद अली गिलानी के गढ़ सोपोर से लेकर नियंत्रण रेखा से सटे गुरेज में भी ऐसा ही उत्साह दिखा। बंटवारे के समय पाकिस्तान से आकर जम्मू-कश्मीर में बसे नागरिकों के अलावा वाल्मीकि और गोरखा समुदाय के लोगों ने पहली बार वोट डाला है। सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर कतार लगी कतार शाम तक देखने को मिली।

इस दौरान किसी प्रकार की हिंसा का समाचार नहीं है। बांडीपोर में दो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। अन्यत्र मतदान पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे निर्वाचन क्षेत्र में कहीं भी चुनाव बहिष्कार और आतंकी हिंसा का साया नजर नहीं आया।

### जम्मू पर था खासा फोकस

तीसरे चरण पर सबका फोकस जम्मू पर था। यहां 90 सीटों में 40 पर मतदान हुआ। इसमें 24 सीटें जम्मू, सांबा, कठुआ और ऊधमपुर जिलों की हैं। यह क्षेत्र सामान्य तौर पर भारी मतदान के साथ एकतरफा मतदान के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि सभी दलों ने इस क्षेत्र में पूरी ताकत झोंकी हुई है।

शेष 16 सीटें नियंत्रण रेखा से सटे उत्तरी कश्मीर के बांडीपोर, बारामुला और कुपवाड़ा जिलों की है।मतदान में ऊधमपुर आगेमतदान में ऊधमपुर जिला सबसे आगे रहा और यहां करीब 73 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे कम मतदान बारामुला में हुआ और यहां करीब 56 प्रतिशत मतदान रहा। अर्थात किसी भी जिले में 50 प्रतिशत से कम मतदान नहीं हुआ।

## भारत में शर्मा बनकर 10 साल से रह रहा था पाकिस्तान का मुस्लिम परिवार

बेंगलुरू। पाकिस्तान का एक मुस्लिम (सिद्धिकि) परिवार शर्मा बनकर पिछले 10 साल से भारत में रह रहा था। आखिरकार सुरक्षा अधिकारियों ने इस परिवार के 4 पाकिस्तानियों को 30 सितंबर को गिरफ्तार किया है। इनके असली नाम राशिद अली सिद्दीकी (47), आयशा (38), हानिफ मोहम्मद (73) और रुबीना (61) हैं।

ये लोग बेंगलुरु के राजपुरा गांव में शंकर शर्मा, आशा रानी, राम बाबू शर्मा और रानी शर्मा नाम से रह रहे थे। चेन्नई एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन अधिकारियों की सूझबूझ से इन शातिर लोगों को पकड़ा गया है। इस मामले में अब तक आठ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और सभी ने अपने नाम के आखिर में शर्मा लगा रखा था।



राशिद अली सिद्दीक़ी उर्फ शंकर शर्मा, उसकी पत्नी आयशा उर्फ आशा शर्मा, आयशा के पिता हनीफ उर्फ राम बाबू शर्मा और मां रूबीना उर्फ रानी शर्मा, पिछले 6 सालों से बेंगलुरु में रह रहे थे। सभी ने फर्जी पासपोर्ट और आधार कार्ड बनवा रखा था। कर्नाटक सेंट्रल जोन के आईजी लाबू राम ने बताया कि इन लोगों ने फर्जी पासपोर्ट और दूसरे डॉक्यूमेंट्स बनवा रखा है। इस दस्तावेजों को कहां से बनवाया गया है और किसने बनाया है? इसके बारे नें हम जांच कर रहे हैं। इनके चार साथी चेन्नई एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन अधिकारियों के हत्थे चढ़े थे। इसने पूछताछ में जिगनी के इस फर्जी शर्मा परिवार का पता चला है।

सुरक्षा एजेंसी की जांच से पता चला कि राशिद अली सिद्दीक़ी उर्फ शंकर शर्मा को पाकिस्तान से भागना पड़ा था, क्योंकि वो विवादास्पद सूफी कल्ट मेहदी फाउंडेशन से जुड़ा था। इसका संस्थापक यूनुस गौहर इंग्लैंड में निर्वासित जीवन बिता रहा है। विवादास्पद मेहदी फाउंडेशन की मदद से राशिद उर्फ शंकर शर्मा की शादी आयशा से 2011 में बांग्लादेश में ऑनलाइन हुई थी। इसके बाद वो बांग्लादेश गया, वहां से चारों लोग पश्चिम बंगाल के मालदा पहुंचे। वहां से दिल्ली आए, जहां फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए। साल 2018 में ये लोग दिल्ली से बेंगलुरु मेंहदी फाउंडेशन की मदद से पहुंचे। इन लोगों का कहना है कि वो अपने गुरु यूनुस गौहर का ज्ञान लोगों में बांट रहे थे।

### घर से मिले संदिग्ध सामान

बेंगलुरु पुलिस को शक है कि ये लोग किसी आतंकी संगठन के स्लीपर सेल हो सकते हैं, जो देश भर से खुफिया जानकारी जुटाने में लिप्त हो सकते हैं। पुलिस को इनके घर से कैमरा, कंप्यूटर और बहुत से दूसरे समान मिले हैं, जिसकी जांच चल रही है। बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर बी दयानंद ने कहा कि हम राष्ट्रीय और आंतरिक सुरक्षा को लेकर सचेत हैं। केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ हम

**पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर**
PATEL ELECTRICALS & SOLAR
हमारी सेवाएं
रेसिडेंशियल
कमर्शियल
होटल, हॉस्पिटल
पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा राजनांदगांव 491441

# शासन की लोकहितकारी योजनाओं के अंतर्गत शेष रह गए जनसामान्य को लाभ दिलाने के लिए करें कार्य - कलेक्टर

## स्थायी एवं सकारात्मक दिशा में पौधरोपण एवं जल संरक्षण के लिए करें कार्य, ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारी सप्ताह में एक दिन अपने निर्धारित ग्रामों में जाकर करें कार्य

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की लोकहितकारी योजनाओं के अंतर्गत शेष रह गए जनसामान्य को चिन्हांकित करते हुए उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं से पात्र वंचित पात्र जनसामान्य को योजना का लाभ दिलाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घूमंतु पशुओं के कारण सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए सभी को समन्वित तरीके से प्रभावी कार्य करना है।

पशु मालिकों को सूचित करें तथा आवश्यकता पडने् पर नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ग्राम बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने टीम वर्क में अच्छा कार्य किया है। स्वच्छता अभियान के लिए प्रदेश एवं केन्द्रीय स्तर पर जिले की प्रशंसा की गई है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह से स्थायी एवं सकारात्मक दिशा में पौधरोपण एवं जल संरक्षण के लिए कार्य करना है। वाटर रिचार्ज करने के लिए अच्छा स्ट्रक्चर बनाएं। इसके साथ ही जनसामान्य में भी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रेरित करते रहें। उन्होंने जिले में बच्चों के सुपोषण के लिए संचालित पोट्ठ लईका अभियान पहल के संबंध में जानकारी ली तथा किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन परीक्षण कराने तथा दवाईयां देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां शासकीय अमला कम हो वहां भी सेवाएं जारी रहना चाहिए।

पटवारी सप्ताह में एक दिन जाकर वहां कार्य करें। दीवारों पर इस संबंध में सूचना जरूर लिखवा लें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर नामांतरण, बटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें, ताकि लोगों को भटकना नहीं पड़े, इसके लिए राजस्व प्रकरणों को लक्षित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। राजस्व निरीक्षक की भी ड्यूटी लगाएं। उन्होंने बाढ़ में क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया, सड़क मार्ग, बिजली, स्कूल एवं अन्य विभागों से जानकारी ली, ताकि मरम्मत करने के लिए प्रस्ताव भेजा जा सके। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।



○ बाढ़ में क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया, सड़क मार्ग, बिजली, स्कूल एवं अन्य विभाग को मरम्मत करने के लिए प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश, जल संरक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने की आवश्यकता, जिले में स्वाईन फ्लू के 5 पॉजिटिव मरीज के बेहतर उपचार के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि सभी एसडीएम जनपद सीईओ की बैठक लें तथा घूमंतू पशु, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, दिव्यांगजन, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र से जुड़े बहुआयामी कार्यों को जनसहभागिता से करना है। जल संरक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने की आवश्यकता है तथा किसानों को रबी की फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। जल उपयोगिता समिति अंतर्गत पानी के संकट को देखते हुए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी के संकट को देखते हुए प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। भू-जल स्तर कैसे नीचे चला गया है, इसके बारे में लोगों को बताएं तथा जागरूक करें। कलेक्टर ने स्वाईन फ्लू के मरीजों के संबंध में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में स्वाईन फ्लू के 5 पॉजिटिव मरीज हैं, जो डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम नागतराई एवं बेलगांव के हैं। उनके संपर्क में आने वाले लोगों का सैंपल लिया जा रहा है। वहीं होम लाइसोलेशन के 6 मरीज हैं। उन्होंने बताया कि हिपेटाईटिस कंजेक्टिव केस भी पाया गया है तथा डायरिया के भी कुछ केस हैं। उन्होंने मरीजों का अच्छा इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए शिविर लगाया जाना है। इसके लिए विभिन्न प्रकार की सहायक आदान सामग्री, दिव्यांग प्रमाण पत्र, सहायक उपकरण के लिए माप लेने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए संवेदनशीलतापूर्वक कार्य करना है। उन्होंने धान खरीदी की तैयारी एवं नये धान खरीदी केन्द्र के प्रस्ताव के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाकर कार्य करें।

ऐसे हितग्राही जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, उन्हें लक्षित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड के लिए आधार अपडेशन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित प्रकरणों तथा जनप्रतिनिधियों के पास आने वाले आवेदनों का निराकरण शीघ्र करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### गांधी जयंती पर कलेक्टारेट में की जाएगी साफ-सफाई

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे जिला कार्यालय राजनांदगांव में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। साथ ही स्वच्छता ही सेवा के तहत जिला कार्यालय एवं गार्डन की साफ-सफाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### ब्रह्माकुमारी द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी 3 से 11अक्टूबर तक

राजनांदगांव(दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा इस वर्ष 3 अक्टूबर गुरुवार से 11 अक्टूबर शुक्रवार तक गोकुल नगर के आगे, डोंगरगांव रोड, बिजली सब स्टेशन के पास 'ज्ञान मानसरोवर' में चैतन्य देवियों की झाँकी सजाई जा रही है ।यह झाँकीप्रतिदिन शाम 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ निःशुल्क खुली रहेगी। शुभारम्भ अवसर पर माउंट आबू से पधारे तपस्वी मूर्त आत्मप्रकाश भाईजी एवं ब्रह्माकुमार रोहित भाईजी, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, पार्षद गगन आइच उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने देते हुए समस्त जनता से इसका दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

### आज कन्हारपुरी में सर्व पितृ मोक्ष पर भजन

राजनांदगांव (दावा)। आज सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या अवसर पर कन्हारपुरी के तिनसिया चौक पर दाऊ मंदराजी पुण्य तिथि प्रसंग पर पुण्यांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में लोक कला साहित्य व संगीत के दिवंगत जनों को याद करते हुए उन्हें कृतज्ञता पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कन्हारपुरी के वरिष्ठ नागरिक रोहित हिरवानी, दानी राम हिरवानी, तिजऊं राम साहू, लोकेश्वर साहू, टोप राम साहू प्रकाश बजरंग, दुर्गा प्रसाद साहू, टीमा साहू निर्मल हिरवानी सहित लोक कलाकार, छन्नू -नत्थन लोक गायक महादेव हिरवानी, मनहरण साहू, दिनेश साहू राजकुमार आदि ने उक्त कार्यक्रम में लोगों अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### रामकृष्ण दास वैष्णव का निधन

डोंगरगढ़(दावा)। सुकूलदैहान के पूर्व सरपंच, समाजसेवी, गौशाला, यशोधरा संस्कार स्कूल एवं चंडी मंदिर के संस्थापक दाऊ बाबु रामकृष्ण दास वैष्णव का 30 सितंबर 2024 को निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बाबू रामकृष्ण दास जी ने अपने जीवन में समाज सेवा और धार्मिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया था। 1 अक्टूबर 2024 को उनकी अंत्येष्टि संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उनके अंतिम दर्शन करने वालों में लोधी ट्रेवल्स के सुप्रीमो सीपर राम लोधी, लोधी कृषि फार्म के संचालक ईश्वर दास लोधी, अधिवक्ता कमल किशोर लोधी, छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी, लोधी पेट्रोलियम के प्रोपराइटर सहित पूरा लोधी परिवार मौजूद था। सभी ने दाऊ बाबु रामकृष्ण दास को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।

## मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री को सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड रायपुर के डायरेक्टर ने मिशन जल रक्षा अंतर्गत मिनी पर्कोलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल एवं रिचार्ज शाफ्ट के तकनीकी की दी जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने जिले के तथ्यात्मक प्रतिवेदन का विमोचन किया। सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड रायपुर के डायरेक्टर डॉ. प्रबीर नायक ने बताया कि मिशन जल रक्षा अंतर्गत मिनी पर्कोलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल एवं रिचार्ज शाफ्ट के तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 2250 मिनी परर्कोयलेशन टैंक का निर्माण कर जल संरक्षण संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। जिले में मिशन जल रक्षा अंतर्गत जीआईएस पद्धति का उपयोग कर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए एवं सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के मार्गदर्शन में जल सरंक्षण एवं संवर्धन हेतु 50 हजार से अधिक संरचनाऐं तैयार की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, पूर्व सांसदद्वय अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, खूबचंद पारख, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, भरत वर्मा, रमेश पटेल, दिनेश गांधी, संयुक्त सचिव केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय अशोक मीणा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारीक, संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कल से 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 अक्टूबर तक राजनांदगांव जिले में किया जाएगा। प्रतियोगिता में हॉकी बालक व बालिका 19 वर्ष, बास्केटबॉल बालक व बालिका 17 वर्ष एवं 19 वर्ष, तैराकी बालक व बालिका 14 वर्ष, 17 वर्ष एवं 19 वर्ष, वॉटरपोलो बालक 19 वर्ष, बेसबॉल बालक व बालिका 17 वर्ष, शतरंज बालक व बालिका 14 वर्ष, 17 वर्ष एवं 19 वर्ष खेलों का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 3 अक्टूबर 2024 सुबह 11 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद मधुसूदन यादव करेंगे।

## स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता लाने म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने बनायी मानव श्रृंखला



○ कलेक्टर ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने दिलायी शपथ
○ शाम को निगम प्रशासन ने स्वच्छता का अलख जगाने जलाये दीपक

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम शहर में आयोजित किया जा रहा है, कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन में सभी वर्ग उत्साह से भाग ले रहे है और जहा एक ओर मंदिर, तालाब, उद्यान, चौक चौराहे में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया जा रहा है, वही रैली, नुक्कड नाटक, प्रदर्शनी के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता से जोडा जा रहा है।

अभियान के तहत आज म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में नगर निगम द्वारा स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें निगम सीमाक्षेत्र के शालाओं के 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता अपनाने जागरूक करने का संकल्प लिया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सब स्वच्छता अपनाये और अपने परिवार व आस पास के लोगों को साफ सुथरा रखने, डस्टबिन का उपयोग करने गंदगी नहीं फैलाने समझाइस देवें, उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिये हर वर्ष 100 घण्टे श्रमदान करने, स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के लिये पुरी निष्ठा के साथ समर्पित करने, अपने घरों का कचरा सड़क पर नही फेकने, अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग-अलग डस्टबीन में रखने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने शपथ दिलायी। कार्यक्रम में उपस्थित महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने कहा कि आज विद्यार्थियों के इस विशाल समूह को देखकर, लग रहा है कि स्वच्छता अभियान सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह से आज बच्चे यहा उपस्थित होकर मानव श्रृंखला बनाये उससे प्रदर्शित होता है कि गांधी जी का स्वच्छता अपनाने का सपना साकार होगा। चूंकि बच्चे देश के भविष्य है और उन्होंने जब स्वच्छता का अलख जगाने बिड़ा उठाया है तो हमारा देश पूर्ण स्वच्छता की ओर अग्रसर होगा।

स्वच्छता अभियान के इसी कडी में म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में शाम को महापौर श्रीमती देशमुख सहित अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष श्रीकिशुन यदु, आयुक्त अभिषेक गुप्ता के अलावा पार्षदों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता का अलख जगाने दिये जलाये। आयुक्त श्री गुप्ता ने बडी संख्या में उपस्थित होने पर विद्यार्थियों सहित महापौर एवं जिलाधीश तथा उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# मेडिकल की शिक्षा व मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा सुधारे सरकार-शाहिद भाई

## एमबीबीएस में 25 लाख व पीजी में 50 लाख की प्रापर्टी गैरेंटी समाप्ति हेतु राज्यपाल के नाम ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। एमबीबीएस और स्नातकोत्तर में शपथ पत्र के साथ 25 और 50 लाख रु. की प्रॉपर्टी गैरेन्टी की अनिवार्यता समाप्ति के लिए एवं राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी में प्रोफेसरो की कमी सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने राज्यपाल के नाम जिलाधीश संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने बताया कि वर्ष 2015-16 में तत्कालीन रमन सरकार ने 1500 एमबीबीएस डॉक्टरों की पद विलोपन की कार्रवाही की थी जिससे जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति भी नहीं हो पा रही है, साथ ही एमबीबीएस हेतु अध्यनरत छात्र छात्राओं को प्रवेश के समय अब शपथ पत्र के साथ 25 लाख रु. के एवं पीजी के लिए 50 लाख रु. के प्रॉपर्टी की दस्तावेज देने की अनिवार्यता लागू की जा रही है जो निम्न आय वर्ग के योग्य एवं प्रतिभाशाली बच्चों के साथ घोर अन्यायकारी निर्णय है क्योंकि भारत देश के सभी राज्यों में बांड का प्रावधान अब बेमानी हो चला है इससे यह प्रमाणित होता है की भाजपा सरकार में मेडिकल शिक्षा की दुर्गति के साथ-साथ योग्यता पर भी प्रहार किया जा रहा है।

शाहिद भाई ने आगे बताया कि राजनादगांव मेडिकल कॉलेज में कुछ दिनों पूर्व चिकित्सकों की नियुक्ति के नाम पर भाजपा सरकार वाहवाही लूटने का काम की है लेकिन मेडिकल कॉलेज में जितनी फैकल्टी है उसमें विशेषज्ञ प्रोफेसर की भी कमी होने के कारण यहां अध्यनरत छात्राओं को समुचित शिक्षा भी नहीं मिल पा रही है, जिससे आने वाली पीढ़ी पर दुष्प्रभाव पढ़ने की पूर्ण संभावना है मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एमआरआई मशीन, सीटी स्कैन नहीं होने के कारण यहां भर्ती मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही साथ न्यूरो सर्जन, कार्डियोलॉजी, लिवर, किडनी के विशेषज्ञ चिकित्सकों की भी स्थापना नहीं होने पर जिले सहित क्षेत्र की जनता को उत्कृष्ट सुविधा भी नहीं मिल पा रही है मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में रेडियोलॉजिस्ट, नर्सिंग स्टाफ एवं टेस्ट किट की भी कमी बनी हुई है जिसके कारण राजनांदगांव खैरागढ़, मोहला-मानपुर, दुर्ग कवर्धा जिले की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौपकर निराकरण की मांग की गई है। जिस पर जिलाधीश ने सकारात्मक निर्णय हेतु पत्र प्रेषित करने की बात कही है।

# सनातन संस्कृति व परंपरा के अनुसार हो गरबा

## सनातन धर्म सेवा परिवार सहित 11 धार्मिक सामाजिक संस्थाओं की संयुक्त पहल



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के सनातन धर्म सेवा परिवार के युवा शहर अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि संस्कारधानी की सनातन धर्म सेवा परिवार सहित 11 सामाजिक धार्मिक संस्थाओं की संयुक्त पहल सनातन संस्कृति की अलख जगाने का संयुक्त प्रयास समिति के प्रमुख पदाधिकारियों ने संस्कारधानी की विभिन्न गरबा उत्सव समितियो से मिलकर उन्हें एक अनुरोध पत्र देकर निवेदन किया है कि आप आयोजनकर्त्ता सनातन संस्कृति के प्रचारक व मार्गदर्शक है, आपके ही सानिध्य में सनातन संस्कृति और सभ्यता को संभालने व संजोने की जिम्मेदारी है, सनातन संस्कृति के अनुसार ही मातारानी की आराधना का आगामी नवरात्र पर्व में माता को गरबा नृत्य कर रिझाने का उत्सव है गरबा उत्सव आयोजन में पधारे समस्त उपस्थितजनों का स्वागत सनातन संस्कृति के अनुसार तिलक लगाकर प्रवेश दिया जाए।

गरबा क्षेत्र की स्वच्छता व पवित्रता का ध्यान रखें। पारंपरिक वेशभूषा में गरबा हो। धार्मिक एवं देश भक्ति सहित फिल्मी भजनों पर गरबा उत्सव आयोजन समितियों द्वारा किया जाए। गरबा उत्सव में नशीले पदार्थों का सेवन न किया जाए। सभी गरबा उत्सव आयोजन समितियां ने सहर्ष अपनी स्वीकृति प्रदान की इस अवसर पर सनातन धर्म सेवा परिवार के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, शनि धाम परिवार के राकेश ठाकुर, बाल रत्न मंच सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, महेश शर्मा, बागेश्वर मंदिर धर्म ट्रस्ट के पंकज गुप्ता, विकास नारायण, मां गायत्री दिया मंडल के संदेश जैन, विश्व ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मौसमी शर्मा एवं ममता शर्मा, पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के मयंक शर्मा, सूरज गुप्ता, विश्व जागृति मिशन के सचिव सौरभ खंडेलवाल, खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरला खंडेलवाल, कस्तूरबा महिला मंडल से श्रीमती शारदा तिवारी विशेष रूप से उपस्थित होकर सभी से सनातन संस्कृति के अनुसार गरबा आयोजन का अनुरोध किया है।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
सामग्री निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03 (द्वितीय आमंत्रण)

क्रमांक 2236/तक./निविदा/ग्रायांसेवा/2024 कबीरधाम, दिनांक 30/09/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ठेकेदारों/ प्रदायकर्ता/ प्रतिष्ठानों/ सामग्री निर्माताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं जिनका पंजीयन वाणिज्यकर विभाग/ जी.एस.टी. छत्तीसगढ़ में हो मनरेगा अंतर्गत निम्न भवन निर्माण हेतु सामग्री, की निविदा फार्म ''सी'' में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 11/10/2024 शाम 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.10.2024 को समय 12.00 बजे से खोली जावेगी। आवश्यक सामग्रियों का विवरण तथा निविदा की सामान्य शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/reworks में दिनांक 01.10.2024 से देखी जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम एवं ग्राम | अनुमानित लागत प्रत्येक कार्य हेतु (लाख में ) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | मिनी स्टेडियम भाग-02<br>विकासखण्ड - कवर्धा अंतर्गत ग्राम दौजरी, बदराडीह, बैजलपुर<br>विकासखण्ड - बोड़ला अंतर्गत ग्राम उसरवाही, झलमला, चिल्फी, खैरबना, खारा | 13.70 लाख |

जी- 242502892/2

कार्यपालन-अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एन पंजीयक लोक न्यास राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक /3705 / अ.वि.अ./ प्र1/2024
राजनांदगांव दिनांक 30/09/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अंकित सिंह चौहान आ. भरत सिंह चौहान, निवासी म.नं. 1/24, पीटीसी, वार्ड क्रं. 17 राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ0ग0) एवं अन्य 14 द्वारा ''सेवा भारत चैरिटेबल ट्रस्ट'' प्रधान कार्यालय दुकान नं. 3. प्रथम तल जीवन प्लाजा, अनुपम नगर रोड, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के नाम से लीक न्यास संचालित करने हेतु, छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा/ आपत्ति इस ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 30/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयन लोक न्यास राजनांदगांव (छ.ग.)**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-7
330-6 699-4
राजधानी
2-6-9
146-1 247-3

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेलों में
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण कृपया समय का ध्यान रखें
पहला खेल 11.30, 2.45, 6 व रात्रि 9.15 बजे
करण जौहर एवं ए.ए. फिल्मस् कृत
देवरा - पार्ट-1
कलाकार - जुनियर एन. टी. आर., जान्हवी कपूर, सैफ अली खान, राम्या कृष्णा, प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको, कलैयारासन, अभिमन्यु सिंह आदि।




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



# नवरात्रि में रास-गरबा उत्सव की रहेगी धूम... शहर में हो रही व्यापक तैयारियां

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी में इस बार भी क्वांर नवरात्रि पर्व में मातारानी की जस-जगराता सहित रास-गरबा की धूम रहेगी। जगतजननी मां दुर्गा की पूजा-आराधना सहित मातारानी की शान में रास-गरबा व डांडिया नृत्य करने शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं द्वारा विभिन्न स्थानों पर रास गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जहां नवरात्रि पर्व के नौ दिनों तक रास-गरबा नृत्य की धूम रहेगी। लोग बड़ी संख्या में डांडिया, रास गरबा कार्यक्रम में भाग लेकर मातारानी के चरणों में अपनी श्रद्धा भावना के पुष्प अर्पित करेंगे।



बता दे कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार आयोजनों में तेज आवाज वाले डीजे साउंड सिस्टम के उपयोग की मनाही है। इसे ध्यान में रखते हुए सर्व गुजराती समाज सहित रास गरबा समिति वालों ने अपने आयोजन में डीजे साउंड सिस्टम के उपयोग नहीं करने की सहमति दी है। उसके स्थान पर बाहर से कलाकारों को बुलाकर लाईव म्यूजिक के द्वारा रंगारंग रास-गरबा कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। उक्तानुसार शहर के विभिन्न स्थानों में लाईव म्यूजिक व रंग-बिरंगी लाइटिंग के बीच रास-गरबा उत्सव की सतरंगी छटा बिखरने वाली है, जिसके आनंद में रास-गरबा प्रेमी देर तक डूबे रहेंगे।

### लायंस क्लब रास गरबा उत्सव

बता दे कि नवरात्रि पर्व पर लायंस क्लब गरबा उत्सव की धूम बनी रहती है। इस बार लायंस क्लब विशेष करने जा रहा है। लायंस क्लब के बृजकिशोर सुरजन, तरणदीप आरोरा, शारदा तिवारी, राजा माखीजा, संतोष लोहिया आदि ने बताया कि इस बार बजाय राज इंपीरियल के शहर के बीच गायत्री विद्यापीठ स्कूल मैदान, केसर नगर में रास-गरबा उत्सव की धूम रहेगी। मातारानी की पूजा-आराधना के साथ नौ-दिनों तक अनवरत चलने वाले रास गरबा उत्सव में इस बार डीजे को पूरी तरह मनाही कर दी गई है। उसके स्थान पर लाईव म्यूजिक कार्यक्रम रंग-भरने जा रहा है। राजा माखीजा ने बताया कि 80 हजार स्क्वेयर फीट मैदान में आयोजित होने वाले गरबा उत्सव कार्यक्रम में रंग-भरने के लिए राजस्थान आदि से कलाकार आ रहे है। गरबा स्थल व मंच की सजावट के लिए मुंबई से टीम आई हुई है। क्लब के लोग इसकी तैयारियों मे जी-जान देकर जुट हुए है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन 3 अक्टूबर से लायंस क्लब के रास-गरबा उत्सव कार्यक्रम की भव्य एवं दिव्यता दोनों देखने को मिलेगी।

### श्री लोहाणा महाजन बाड़ी में रहेगी नवरात्र गरबा की धूम

शहर के स्टेशन रोड स्थित श्री लोहाणा महाजन बाड़ी में क्वांर नवरात्रि पर्व की जोरदार तैयारियां की जा रही है। बता दें कि महाजन बाड़ी में नवरात्रि पर रास गरबा उत्सव की धूम रहती है। मातारानी की शान में घट की स्थापना कर गरबा नृत्य करने के लिए बड़ी संख्या में समाज के लोग जुटते है। लोहाणा समाज के अध्यक्ष दीपक बुद्धदेव के नेतृत्व में इस वर्ष भी मातारानी की शान में लोहाणा महाजन बाड़ी में गरबा-उत्सव की धूम रहेंगी। रोजाना मातारानी की पूजा-पाठ सहित साउण्ड सिस्टम के साथ पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ गरबा नृत्य खेले जाएंगे। अम्बे मां की विधि-विधान से पूजा अर्चना पं. महेन्द्र भाई शुक्ला द्वारा करायी जायेगी। इसके लिए समाज के जगदीश भाई कोटक, प्रवीण काथरानी, नाथाभाई रायचा, सचिव योगेश कोटक, कोषाध्यक्ष दिनेश साहिता, उपाध्यक्षद्वय भरत जोबनपुत्रा, रितेश लाल, पीआरओ मनीष साहिता, युवा मंडल के हिमांशु रायचा, दिवेश रायचा, अक्षय रायचा, परेश रायचा, संजय (लालू) रुपारेल आदि द्वारा महाजनवाड़ी की जगमग लाईटिंग सहित भव्य साज-सज्जा की जा रही है।

### संस्कारधानी गरबा उत्सव

शहर में संस्कारधानी गरबा उत्सव का भी एक अच्छा मुकाम बना हुआ है। मठपारा रोड में विगत 8 वर्षो से नवरात्रि पर आयोजित होने वाले गरबा उत्सव की धूम रहती है। शहर के बीचो-बीच पडने् के कारण बड़ी संख्या में लोग यहां रास गरबा खेलने व नृत्य करने के लिए उपस्थित रहते है। संस्कारधानी गरबा-उत्सव समिति के कांत अग्रवाल ,उपाध्यक्ष सौरभ कांकारिया अवंत अग्रवाल, दिव्यांश अग्रवाल आदि ने बताया कि लखोली नाका समीप मठ पारा रोड स्थित शिवनाथ वाटिका में इस बार भी समिति का रंगारंग गरबा उत्सव होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में इंडियन आइडल की पूरी टीम आ रही। इन्ही का बैण्ड पूरे नौ दिनों तक पार्टिसिपेशन करेगा, यानिकि लाईव बैण्ड द्वारा रास-गरबा की रंगारंग प्रस्तुति होगी। इसके अलावा भोपाल, कटक आदि के गायक कलाकार अपने गायन से गरबा उत्सव में रंग-भरेंगे जिससे लय-ताल के बीच स्टेप से स्टेप मिलाते हुए रास गरबा प्रेमी थिरक उठेंगे। कांत अग्रवाल ने बताया कि गरबा उत्सव में पारम्परिक परिधान में आने वालो को वरियता दी जाएगी।

नवरात्रि पर्व में रास-गरबा डांडिया नृत्य की धूम केवल शहर में ही नहीं ,लोक कलाकारों की बहुतायत वाले ग्रामीण कन्हापुरी में भी इसकी धूम रहती है। कन्हारपुरी में शंकर भवन शिव मंदिर के सामने बहुत बड़े मैदान पूरी साज-सज्जा के साथ आयोजित होने वाले रास-गरबा उत्सव में बड़ी संख्या में वार्डवासी तथा आसपास के लोग जुटते है। युवक-युवतिया व वार्ड के बड़े बुजुर्ग सहित बच्चे व महिलाए मातारानी की शान में बड़े भक्तिभाव से गरबा नृत्य करती है जिसे देखने लोगों की भीड़ रहती है। वार्ड के एक नागरिक ने बताया कि शंकर भवन के सामने का बड़ा मैदान अतिक्रमण की चपेटे में आने के कारण गरबा उत्सव की राह में बाधा उपस्थित हो रहा है। बता दें कि कन्हारपुरी में न केवल रास-गरबा उत्सव दुर्गोत्सव पर्व की भी धूम रहती है। यहां नवरात्रि पर्व पर मंदिरों में ज्योति जंवारा की स्थापना व वार्ड के चौक चौराहो में एक से बढ़कर एक मां दुर्गा की मनोहारी प्रतिमा की स्थापना की जाती है। जहां नौ दिनों तक जसगायन सहित विभिन्न कार्यक्रमों की धूम बनी रहती है। बहरहाल नवरात्रि पर्व पर शहर में उपरोक्त रास-गरबा उत्सव समितियों के अलावा नवरात्रि पर्व पर जीई रोड स्थित पटेल गुजराती समाज द्वारा रास गरबा उत्सव का आयोजन किया जाता है। जहां बड़ी संख्या में समाज के लोग मातारानी की शान में रास गरबा डांडिया नृत्य के लिए जुटते है। शहर में उपरोक्त स्थानों पर नवरात्रि पर्व पर नौ-दिनों तक आयोजित होने वाले गरबा उत्सव में रंगा रंग कार्यक्रमों की धूम बनी रहेगी। लाईव म्यूजिक के बीच ताल से ताल मिलाते गरबा प्रेमीजन थिरकते हुए नजर आएंगे।

# पदयात्रियों का स्वागत तिलक से, प्रसादी केले के पत्ते में देने का निर्णय

## श्री बागेश्वर धाम में पर्यावरण शपथ के साथ हुई पदयात्री सेवा बैठक

राजनांदगांव (दावा)। 3 अक्टूबर से आरंभ हो रहे माता शक्ति के पर्व नवरात्रि में संयुक्त पदयात्री पंडाल श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट श्री बालरत्न सेवा समिति मंच, दिया दिया संघटन गायत्री परिवार के साथ-साथ नगर की कस्तूरबा मंडल सहित अन्य अनेक सेवाभावी संस्थाओं समाजों की सेवा के साथ, होने वाले पदयात्रियों के रूकने व सेवा हेतु आयोजन की रूपरेखा तय करने हेतु बैठक श्री बागेश्वर उत्सव भवन में सम्पन्न हुई। जिसके नारे में जानकारी देते हुए के संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खण्डेलवाल, सूरज गुप्ता ने बताया कि बैठक का आरंभ सर्वप्रथम सभी उपस्थित जनों को तिलक लगाकर स्वागत कर किया गया। तत्पश्चात् बैठक आरंभ हुई जिसमें सर्वप्रथम आयोजन की विस्तृत जानकारी पंकज गुप्ता द्वारा दी गई। आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.डी.सी. जैन, श्रीमती शारदा तिवारी, हेमंत तिवारी, अमलेन्दु हाजरा, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, हरजीव सिंह भाटिया, मयंक शर्मा, शरद गुप्ता, सोहन गुप्ता, अनीता जैन, साधना तिवारी, रामावतार जोशी, मौसमी शर्मा, विकास नारायण आदि के द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गए।



बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए डिस्पोजल के स्थान पर केले के पत्ते में अधिकाधिक प्रसादी वितरण किया जाएगा, जिस हेतु सभी आम नागारिकों से अपील की गई कि जिनसे भी केले के पत्ते की व्यवस्था हो सकती है वे बागेश्वर धाम मंदिर में पहुँचा देवे। इसी प्रकार सनातन संस्कृति के अनुसार पदयात्रियों को स्वागत तिलक लगाकर किया जावेगा। उन्हें पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी श्री पाम्पलेट व सूचना फलैक्स के माध्यम से दी जावेगी। अंत में सभी उपस्थित जनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। बैठक का संचालन सौरभ खंडेलवाल द्वारा किया गया व आभार प्रदर्शन सूरज गुप्ता द्वारा किया गया। उक्त सेवा बैठक में प्रमुख रूप से श्रीमती मधु खंडेलवाल, महेश शर्मा, शैलन्द्र तिवारी, लक्ष्मी गुप्ता, मनीष यादव, अजय गुप्ता, मधु अग्रवाल, शोभा चोपड़ा, विकास गुप्ता, विकास गुप्ता संपत, सौरभ गुप्ता गोल्डी, यशोदा गुप्ता आदि संस्कारधानी के सेवाभावी व्यक्तित्व शामिल हुए उक्त जानकारी समिति प्रचार प्रसार प्रभारी ईश्वर साहू द्वारा दी गई।

# आज सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या, दिवंगत पितरों का नदी-सरोवरों में किया जाएगा पितृ तर्पण

राजनांदगांव (दावा)। क्वांर मास का कृष्ण पक्ष पितरों के लिए समर्पित रहा। इस मास की पहली तिथि 18 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक 15 दिनों के लिए पितृ पखवाड़ा चलते रहा है। इस दौरान लोग अपने पूर्वजों को नदी-सरोवर में जाकर विधि-विधान के साथ पितृ तर्पण के कार्य किए हैं। पंडितों की उपस्थिति में श्राद्धकर्म किया गया। वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच अपने मृत संबंधियों का पिंड दान किए गए।



बता दें कि जो लोग अपने दिवंगत पितृ जनों का समयाभाव के कारण दूर नदी-सरोवर नहीं जा पाते उनके लिए गायत्री शक्तिपीठ में पितृ तर्पण एवं श्राद्ध कर्म कि व्यवस्था की गई थी। रोजाना यहां मंदिर के पुरोहितों द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच विधि- विधान के साथ पितृ तर्पण एवं श्राद्ध कर्म कराया गया। अतः पूरे पखवाड़े भर पितरों के सम्मान में उन्हें श्रद्धा भाव से याद किया गया।

बताया जाता है कि पूरा पितृ पखवाड़ा अपने दिवंगत पितरों को याद करने का समय है। उनकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध, पिंड दान और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। मान्यता यह है कि इस अवधि में पितरो का तर्पण व श्राद्ध कर्म किए जाने से वे अपने परिजनों को उनकी सुख - शांति व खुशहाली, समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

### सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या

आज 2 अक्टूबर बुधवार को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या तिथि है। इस दिन समस्त ज्ञात-अज्ञात पितरों को अंतिम बार तर्पण दिया जाता है। इस दिन सभी पितरहा घरों में मीठे व सुस्वादु व्यंजन बनाए जाते हैं। ज्ञात- अज्ञात पितरों को नदी-सरोवरों में जल-तर्पण सहित उन्हें हूंम-धूप प्रदान कर खुश किया जाता है। अपने परिजनों से अपनी आव भगत व जल तर्पण सहित मीठे व सुस्वादु व्यंजन के भोग लगाएं जाने से प्रसन्न पीतरजन खूब आशीर्वाद देते हैं। इससे घर-परिवार वालो में सुख शांति बनी रहती है। और लोग खुशहाल बने रहते हैं। इस मान्यता के चलते आज सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन अपने दिवंगत पूर्वजों को अंतिम बार तर्पण देने की धूम रहेंगी। पितरों की याद में अपने परिजनों व इष्ट-मित्रों सहित परिचितों को भोज दिया जाएगा। पितरों की प्रसन्नता के लिए भजन- कीर्तन से लेकर लोक सांस्कृतिक आयोजन कराए जाएंगे। इसके बाद कल से नवरात्रि पर्व का आगाज हो जाएगा। नौ दिनों तक जगज्जननी मां आदि शक्ति की पूजा-अर्चना, जप-तप साधना उपासना में लोग रत रहेंगे।



## बधाई ...

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के महासचिव बनने पर विक्रम सिसोदिया को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं जिला पंचायत के सदस्य राजेश श्यामकर ने बधाई दी।

# छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के 5वें दिन हफीज हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के 5वें दिन सारागांव से सड्डू रायपुर पहुंची न्याय यात्रा मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का स्वागत अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता हफीज खान ने साथियो सहित जोरदार न्याय यात्रा का स्वागत फूल माला से किया। साथ ही यात्रा में भाग लेकर न्याययात्रियो के साथ पैदल यात्रा की। न्याय यात्रा मे मुख्य रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, विधायक गण एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन न्याय यात्रा में आज शामिल रहे।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव; आज सांस्कृतिक संध्या कलेक्टर एवं एस पी होंगे सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आज 02 अक्टूबर, बुधवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया जाएगा।



आयोजनकर्ता अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, सचिव रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल, रमा अग्रवाल, सुनीता लोहिया, महिला मंडल से सुनिता अग्रवाल, निर्मला पसारी, पूर्व अध्यक्ष अनुराधा लोहिया वीणा अग्रवाल तथा श्रद्धा अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि संजय अग्रवाल जिलाधीश राजनांदगांव एवं मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव होंगे। विगत दिनों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। एक विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि ऑडिटोरियम में 'अनेकता में एकता' नृत्य की शानदार प्रस्तुति होगी। रोजाना चल रहे कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं से समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। इसे लेकर अग्र परिवारों में अपार उत्साह का माहौल है।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, शरद अग्रवाल (पोहा), परमानंद गोयल, भावेश अग्रवाल, रमणिक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल तथा सुरेश अग्रवाल, अग्रवाल सभा से दीपक अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, राजेश खोखरीया ने बताया कि नगर उत्सव गणेश विसर्जन झांकी को डीजे के जानलेवा शोर से मुक्त रखते हुए परंपरागत सौहार्द्र के साथ संपन्न कराने के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग का अभिनंदन एवं सम्मान इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की ओर से किया जाएगा। दोनों प्रशासनिक अधिकारियों की इस सकारात्मक पहल की संस्कारधानी में मुक्तकंठ से प्रशंसा हो रही है।

अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल, अमन अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, हर्षित बाबुलाल अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने सभी अग्रजनों से सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेने की अपील की है।

आज की प्रतियोगिता में प्रथम अदिति आदित्य गोयल, प्रथम कीर्ति दिनेश जिंदल, प्रथम स्वाती राहुल अग्रवाल। द्वितीय ममता नवीन अग्रवाल, द्वितीय संगीता हरीश अग्रवाल, द्वितीय पुष्पा ललित अग्रवाल, द्वितीय अनिता अग्रवाल। नमकीन व्यंजन ओडस के प्रथम संगीता हरीश अग्रवाल, द्वितीय भावना अंकुर अग्रवाल, द्वितीय नीति मुकेश अग्रवाल। एक मिनट गेम अनुराधा लोहिया, एक मिनट गेम पुष्पा अग्रवाल। आकस्मिक गेम दिशा आयुष, दीप्ति लोहिया। मटका फोड प्रतियोगिता में प्रथम गौरांष अग्रवाल द्वितीय क्रिषिव अग्रवाल, मटका फोड सीनियर मनन सरावगी, द्वितीय आध्या अग्रवाल। बोरा दौड़ जुनियर में अरनव अग्रवाल, निकुंभ अग्रवाल द्वितीय जोडी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम अयांष गोयल, क्रिषिव गोयल, द्वितीय अनय गोयल, राघव अग्रवाल। जोडी दौड में महिला वर्ग सुहानी प्रमोद अग्रवाल, महिमा महेश अग्रवाल, द्वितीय रश्मि विकास अग्रवाल, वीना शिव अग्रवाल रहे। आज की प्रतियोगिता स्लो स्कूटी, स्लो साईकल, 100 मीटर दौड 200 मीटर दौड, नीबु दौड, महिला मंडल की प्रतियोगिता - वेस्ट मटेरियल के परिधान तारक मेहता का उल्टा चश्मा, आकस्मिक प्रतियोगिता आयोजित होगी।

# अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोह लिया

- समारोह के अतिथि आईजी दुर्ग व राजनांदगांव ने दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुति को खूब सराहा
- शिक्षा के क्षेत्र में हरसंभव मदद करने की बात कही

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ जिला दुर्ग स्थित भिलाई की सामाजिक संस्था जी.ई. फाउंडेशन की ओर से अंचल के दिव्यांग बच्चों को सांस्कृतिक मंच प्रदान करने अभिव्यक्ति की उड़ान का आयोजन रविवार 29 सितंबर को कला मंदिर सिविक सेंटर में शाम 4 बजे रखा गया। जिसमें इस संस्था अभिलाषा दिव्यांगजनों के कल्याण अर्थ शिक्षक प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान के दृष्टिबाधित एवं अस्थि बाधित दिव्यांग बच्चे, जिसमें गायन में रवि चित्रभान, रोशन यदेश्वर, किशन, प्रकाश सोनकर, लाखन व रीमिक्स समूह नृत्य में कमल, साहिल, महेश, देवेंद्र साहू, नीतीश, नरेश द्वारा स्वस्फूर्त तैयारी करते हुए, इस संस्था के शिक्षक महेंद्र सिंह यादव एवं श्रीमती अंजू शर्मा मैडम के कुशल मार्गदर्शन में उक्त आयोजन में शामिल होने भिलाई पहुंचे।





उक्त आयोजन में दुर्ग भिलाई धमतरी राजनांदगांव सहित अंचल के 12 विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चे व पलक शामिल हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के इंजीनियरिंग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक प्रसन्नजीत दास, बी.के. बेहरा सहित दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, आयोजन समिति के संयोजक प्रदीप पिल्ले सहित वृहद संख्या में अतिथि व आमजन उपस्थित थे।

दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुति से अभिभूत होकर दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि कोई भी दो दिव्यांग जन सिविल सेवा की तैयारी करना चाहते हैं उनका संपूर्ण खर्च मेरे द्वारा निर्वहन किया जाएगा। इस संस्था के प्रतिभागियों की प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। आयोजन समिति द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और हॉटस्पॉट भेंट करते हुए उत्कृष्ट नाश्ता की व्यवस्था किया गया।

उक्त आयोजन के समस्त प्रतिभागियों को एवं आयोजनकर्ता पदाधिकारी को इस संस्था अभिलाषा के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्दून, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, सचिव श्रीमती रूपम (खुशी) सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, संयुक्त सचिव राजेश अग्रवाल, आलोक बिंदल, सदस्य संतोष खंडेलवाल, सुदामा मोटलानी, सूरज बुद्धदेव, प्रशासन दिलीप श्रीवास्तव, प्राचार्य श्रीमती वंदना टुरहटे द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। दिव्यांग प्रतिभागी बच्चों को कार्यक्रम स्थल तक लाने ले जाने की निःशुल्क वाहन व्यवस्था स्थानीय नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल के संचालक एवं संस्था के कोषाध्यक्ष नीरज बाजपेई द्वारा किया गया। उक्त जानकारी संस्था के जनसंपर्क प्रभारी अशोक श्रीवास्तव बालाजी ने दी।

# गौध्वज स्थापना भारत यात्रा को सफल बनाने राजनांदगांव में बैठक संपन्न

## यात्रा को सफल बनाने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। गौ प्रतिष्ठा जन आंदोलन ज्योर्तिमठ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरआनंद सरस्वती एवं गौ क्रांति अग्रदूत परम पूज्य गोपाल मणि महाराज के नेतृत्व में देश में चल रहे गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा सोमवार 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम साईंस कॉलेज के पास राजधानी रायपुर पहुंचेगी। जहां जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरआनंद सरस्वती छत्तीसगढ़ की जनता को संबोधित करेंगे। छत्तीसगढ़ में गौध्वज स्थापना भारत यात्रा को सफल बनाने के लिए माँ पंचगव्य चिकित्सा एवं गौ रक्षा अनुसंधान केन्द्र महामाया चौक राजनांदगांव में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रचार-प्रसार प्रभारी झनकलाल बिसेन, प्रचारक सहयोगी पंडित अमित उपाध्याय एवं आयोजन समिति सदस्य मनमत शर्मा द्वारा गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाना, गौहत्या मुक्त भारत बनाना और गौमाता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। बैठक में उपस्थित सभी ने राजनांदगांव जिले में गौसेवा और गौ आधारित अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी दी और वर्तमान में गांव-शहर से गौवंशों की हो रही तस्करी एवं दुर्दशा तथा गौचर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त की। अतिथियों ने सहजता से बताया कि सरकार द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाकर और गौहत्या मुक्त भारत बनाकर इन सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है।



प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गौध्वज स्थापना भारत-यात्रा का असर प्रदेशों की राज्य सरकारों पर दिखने लगा है। महाराष्ट्र सरकार ने गौ माता को राज्यमाता का दर्जा देने की घोषणा कर दी है तथा आने वाले समय में राजस्थान और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों द्वारा भी इसी तरह की अच्छी खबर मिलने की संभावना है। बैठक में जिले के नागरिकों से गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा को सफल बनाने, गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने, सनातन हिंदू संस्कृति को बचाने के लिए अधिक से अधिक संख्यों में रायपुर जन-सभा में उपस्थित होने की अपील की गई है। इस अवसर पर गौ सांसद डॉ. डिलेश्वर साहू, राधेश्याम गुप्ता, आर्य प्रमोद कश्यप, आनंद श्रीवास्तव, राकेश सोनी, सौरभ खंडेलवाल, हार्दिक कोटक, धीरज द्विवेदी, प्रज्ञानंद मौर्य, पुरूषोत्तम देवांगन सहित अन्य गौ-सेवक उपस्थित थे।

# अनमोल दावा

> *अपनी अज्ञानता के प्रति सचेत होना ही ज्ञान प्राप्त करने की दिशा में पहला कदम है।*

## शोध और नवाचार है उन्नति का आधार, देश के विकास के लिए अधिक होना चाहिए विचार

भारत में इंटरनेट आफ थिंग्स कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डाटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करती हुई दिखाई दे रही हैं। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स के तेजी से बढ़ने से भारत में दिग्गज वैश्विक फाइनेंस और कामर्स कंपनियां पैठ बढ़ा रही हैं। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआइपीओ) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआइआइ) की 133 अर्थव्यवस्थाओं की हालिया रैंकिंग में भारत ने 39वां स्थान हासिल किया है। यह कोई छोटी बात नहीं है, क्योंकि इस रैंकिंग में 2015 में भारत 81वें स्थान पर था। जीआइआइ रैंकिंग में भारत की प्रगति दुनिया भर में रेखांकित हो रही है। इस ऊंची रैंकिंग को प्रधानमंत्री मोदी ने देश के वाइब्रेंट इनोवेटिव इकोसिस्टम की उपलब्धि बताया है। इस रैंकिंग में भारत निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के साथ ही मध्य और दक्षिण एशियाई देशों में पहले स्थान पर रहा जबकि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टर रैंकिंग में चौथे स्थान पर है। भारत के प्रमुख शहर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई दुनिया के शीर्ष 100 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों में सूचीबद्ध हैं।

रैंकिंग के अनुसार स्विट्जरलैंड, स्वीडन, अमेरिका, सिंगापुर और यूके दुनिया की सबसे अधिक नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जबकि चीन, तुर्किये, भारत, वियतनाम और फिलीपींस पिछले एक दशक में सबसे तेजी से ऊपर उठने वाले देश हैं। यदि हम बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्ट भी देखें तो भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।यूएस चैंबर्स आफ कामर्स के ग्लोबल इनोवेशन पालिसी सेंटर द्वारा जारी वैश्विक बौद्धिक संपदा यानी आइपी सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर है। अब यह और अच्छे से स्पष्ट है कि शोध एवं नवाचार तथा बौद्धिक संपदा की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है।भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे की अहम भूमिका है। भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने में लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार समय के साथ तेजी से आधुनिक हो रहे हैं।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अनुसार कृषि से संबंधित चुनौतियों के समाधान के लिए भारत ने जिस तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया, उससे भारत कृषि विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा है। अगस्त में ही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा जारी की गई 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्मों से कृषि नवाचार का नया अध्याय लिखा गया है।शोध एवं नवाचार के मद्देनजर भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे क्षेत्रों में अच्छे सुधार किए हैं। इसके साथ ही घरेलू कारोबार में सुगमता और विदेशी निवेश जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार हुआ है। इस यात्रा में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्टअप और यूनिकार्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधीकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है।बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेज प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत से स्वदेश में विकसित तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए।सुपरकंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की यह बड़ी पहल है। इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया गया है।इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार के बहुआयामी लाभ होते हैं और इनके आधार पर ही उद्यमी किसी देश में निवेश संबंधी निर्णय लेते हैं। विभिन्न देशों की सरकारें भी ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स को ध्यान में रखकर अपने व्यापारिक रिश्तों के लिए नीति बनाने की डगर पर बढ़ती हैं।

भारत में इंटरनेट आफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डाटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करती हुई दिखाई दे रही हैं। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स के तेजी से बढ़ने से भारत में दिग्गज वैश्विक फाइनेंस और कामर्स कंपनियां पैठ बढ़ा रही हैं।बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार की अहमियत को समझते हुए सरकार भी इस क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है। आम बजट में भी उभरते क्षेत्रों में नवाचार और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष का प्रविधान किया गया है। हालांकि इस मोर्चे पर हमें अपना खर्च और बढ़ाना होगा। फिलहाल भारत में आरएंडडी पर जीडीपी का करीब 0.67 प्रतिशत ही व्यय हो रहा है, जबकि वैश्विक औसत दो प्रतिशत है।

# लोक रंग शैली नाचा के सोन चिंरैया दाऊ मंदराजी

आत्माराम कोशा "अमात्य"



सन् 70 के शुरुआती दशक में आकाशवाणी ले भैयालाल हेड़ऊ के आवाज में प्रसारित होवइया गीत सोन के चिरैया बोले का रे,,, अबड़ धूम मचाय रिहिस हे। नांदगांव के जून्हेटहा गीतकार रामरतन सारथी के ये गीत छत्तीसगढ़ी लोकरंग शैली नाचा के पुरखा दाऊ मंदराजी के सांगीतिक बैठकी के शान होय करत रिहिस हे । जौन गीत ल लोक सांस्कृतिक जागरनी संस्था चदैनी- गोंदा के बुनियादी पथरा कहे जाय त,अतिश्योक्ति नइ होही। काबर कि ये गीत ह नांदगांव के कलाकार मन बर चदैनी- गोंदा के दरवाजा खुले के माध्यम बनिस।

संस्कार धानी नगरी नांदगांव ह शुरू ले ही कला- संगीत के क्षेत्र में बाजे रहिस हे। यहां के बैरागी राजा हिमांचल दास जी ह अपन संगीत के बल मं नागपुर के भोसले राजा ले अपने रियासत क्षेत्र के टकोली (कर) ल माफ करवाय ले रिहिस हे। राजा सर्वेश्वर दास जी ह घलो कला- संगीत के अनुरागीत रहिस। ये वो जमाना रिहिस जब बैरागी राजा मन ले सिरजे कला- संगीत के बगीचा नांदगांव में संगीत के सुर ह गूंजय । शहर के कामठी लइन में ठाकुर हीरा सिंह गौतम के इहां संगीत की महफिल सजे। गांधी चौक के रामायण प्रचारक भवन में रामायण गायन के संग संगीत के सुर- ताल के गमक होवय करे। ये उही जमाना रिहिस जब छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली "नाचा" के पुरखा दाऊ दुलार सिंह "मंदराजी" ह नांदगांव के कोलवा मुंशी चौक कहे जवइया स्थान के एक घर में रहय अउ उंहा संगीत का दरबार सजाय। इंहा- तेरे दरबार में मेरा गुजर,सरकार हो जाए,, दुनिया में क्या भरोसा,, दौलत तो कमाती है दुनिया,,, सोन के चिरैया बोले का रे,, जइसे अनगिनत हिन्दी - छत्तीसगढ़ी के गीत, गजल, शास्त्रीय, अर्ध शास्त्रीय संगीत के गूंज होवय करे।

### दुर्गा चंउक के जनम

एक बखत ये स्वर-लहरी के गूंज है राजा सर्वेश्वर दास जी के कान मं परिस। कला- संगीत अनुरागी राजा सर्वेश्वर दास अपन आप ल रोक नइ सकिस अउ ओकर गोड़ ह अपने-अपन दाऊ मंदराजी के सांगीतिक दरबार के डहर उठ परिस। सादा भेस में पहुंचे,राजा ह कुछ देर सुनके बड़ आनंदित होइस। ये समें कलाकार मन गाए- बजाए में अतिक मगन रहिस कि कौन आइस कौन गिस उंखर ध्यान नइ रिहिस । कला- संगीत अनुरागी राजा जी ह बिगन कोई ल कुछु कहे चुप्पेचाप अपने तीर के महल म चले आइस। लेकिन आवत समय मने मन सोंचिस,, कि अतक बड़े दिग्गज लोक कलाकार मन उंखर राज में रहिथे , एमन ल कुछ न कुछ देना चहिए। वो जमाना में राजा ह विलायत जाय करे । उंहे ले आय के बाद जब राजा जी ह सधारन मनखे सरिख दाऊ जी मं के सांगीतिक दरबार में पहुंचिस त, वो ह, दाऊ जी ले लेके नाचा कलाकार मदन निषाद, जनाना परी जगन्नाथ निर्मलकर, छत्तीसगढ़ी गीतकार अउ गायक रामरतन सारथी संग

**राजा ह दाऊ जी ल पहनाय रहिस राज पगड़ी अउ नाचा परी को देय रहिस बिलायती फ्राक**



सब्बो झन ल सुनके अब्बड़ खुस होइस अउ दाऊ जी ल राज पगड़ी पहनाईस उंहे नाचा परी जगन्नाथ ल बिलायत ले लाए सोनहा फ्राक भेंट करिस। नाचा परी जगन्नाथ तो वो ला पहिन के नाचा में फुरफुंदी के सरिख नाचे। कलाकार मन के सम्मान ले खुश दाऊ जी ने उंही चंउक में नवरात्रि परब में दुर्गा प्रतिमा रखवाइस अउ रात लाइटिंग बर जनरेटर घलो राहय। टिकट में नाच होवय। गांव हो या शहर सन् 1940 के दशक में नाचा के भारी धूम रहय। दाऊ जी के नाचा के समय टाकिज है बंद हो जाय ।। रायपुर के तवायफ मन अपन कोठा ल बंद कर नाचा देखे बर आ जाय । इस दौर में पूरा छत्तीसगढ़ ह रिगनी खेली साज के नाचा- गम्मत ले गुलजार रहिस। एक

**( सर्व पीतर मोच्छ अमावस्या म दाऊ जी के पुण्यतिथि बर विशेष )**

में अपन खेली नाचा पार्टी के जोरदार नाचा कार्यक्रम रखिस, जेला देखें बर नंगते भीड़ जुरियाय रीहिस। वो दिन ले कोलवा मुंशी चंउक है, दाऊ जी के दुर्गा रखे ले दुर्गा चौक कहलाइस। ये ह नांदगांव बर दाऊ जी के देन हरे,,।

### नाचा- गम्मत ल उंचाई

बता देंवन कि छत्तीसगढ़ी सुप्रसिद्ध रंग शैली नाचा के पुरोधा पुरुष दाऊ मंदराजी इही माटी के उपज हरे। वोखर जन्म ह 1 अप्रैल सन् 1911 को शहर से 7 कि0मी0 दूर गांव खेली में होय रिहिस। वोखर पूरा नांव दुलार सिंग मंदराजी अउ वोखर महतारी के नांव रेवती, ददा के नांव रामाधीन साव रिहिस। दाऊ जी के पढ़ई- लिखई कन्हारपुरी स्कूल में प्रायमरी तक होय हे। वो ह इहां पढ़ई करे बर खेली लेकन्हारपुरी आशय तो, इंहा के कारीगर तुलसी लोहार के बबा ले चिकारा के गूंज सुनय। कला अनुरागी दाऊ जी ह वो सियान ले चिकारा बजाय के गुन सीखिस, बाद में हारमोनियम घलो सीख डरिस। अउ वो पंइत के खड़े साज नाचा डहर प्रवृत होंगे।

अउ अइसे प्रवृत्त होइस कि महाराष्ट सीमा से लगे बागनदी क्षेत्र के मालगुजार रहे दाऊ जी ह अपन जमीन- जायदाद ल नाचा कला, गीत- संगीत व कलाकार उपर नेछावर कर दिस। उंखर इहां कलाकार मन खाए-पीए अउ पड़े रहय। कई-कई दिन रहिके अपन कला ल मांजे अउ नाचा- गम्मत के कार्यक्रम देय बर घलो जाय। दाऊ ह मदन निषाद, इतवारी राम ,बुधराम, लालूबावा, फ़िदा बाई ,माला,जगन्नाथ, देवी लाल,बृजलाल ,ठाकुरराम, बुलवा,बोडरा, स्वर्ण कुमार वैद्य, गन्नू यादव, शिवप्रसाद, जयंती यादव,आदि कलाकार संग छत्तीसगढ़ी नाचा- गम्मत ल नवां ऊंचाई दिस। उंहे अपन मौसेरा भाई खुमान साव, नाचा परी देवीलाल नाग, सत्यमूर्ति देवांगन ल अपन सान्निध्य लाभ ले अइसे कला संगीत के ज्ञान दिस कि आगु चल के एमन चदैनी-गोंदा, सोनहा-बिहान, न्यू थियेटर ( दिल्ली) जैसे संस्था के संगीतकार बनिन। इंखरे मन सरिख ये आलेख के लेखक ह घलो संगीतकार बनिस। दाऊ जी ह छत्तीसगढ़ी नाचा- गम्मत ल जीवन भर साधत रहिस। वो ह नाचा के खड़े साज ल परिष्कृत और परिमार्जित कर एला मंच (बाजवट) के सुविधा उपलब्ध कराईस। ओखर नाचा पार्टी में पाल-पर्दा व हिसाब में देखे जाय त, नाचा ह सामाजिक कुरीति छुआछूत, जाति- पांति, ऊंच-नीच, भ्रष्टाचार और ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक तरह के आन्दोलन रिहिस। एक गम्मत ल अंग्रेज मन चमकद्ध बंद करा दें रिहिस । दाऊ जी के नाचा मे खेले गम्मत, चपरासी, ईरानी, लंदन, मेहतरानिन ( पोंगवा पंडित) माया- परीक्षा,अंधरा बिहाव, मोर नाव दमाद, गांव के नाम ससुरार, बुढ़वा-बिहाव, आदि मन ह मील के पथरा हरे। ऐमे के अधिकांश गम्मत ल सुप्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर ह न्यू- थियेटर के माध्यम ले दाऊ जी के ही कलाकार मन ले खेलवा के काफी नाम कमाइस

### दाऊ जी के सम्मान

दाऊ जी अक्सर गावय करय- दौलत तो कमाती है दुनिया,, पर, नाम कमाना मुश्किल है,। दाऊ जी ह कलाकारी के क्षेत्र मे पैसा तो नइ कमाइस फेर गंवाइस जरुर,, । वो हर सिरिफ नाम कमाइस। दाऊ मंदराजी के नाचा के प्रति समर्पण एवं सरबस त्याग को देखत हुए भिलाई स्पात संयंत्र ह सन् 1984 में सिविक सेंटर के भरे मंच ले दाऊ जी के सम्मान करिस अऊ एक द्वार के नांव मंदराजी दाऊ द्वार रखिस। एंकर बाद छत्तीसगढ़ शासन ह समग्र लोक कला के क्षेत्र में मंदराजी दाऊ जी के नाम में दूं लाख रुपिया के मंदराजी सम्मान देय के शुरुआत करिस। फेर हैरत के बात ये कि कला साहित्य एवं संगीत की नगरी नांदगांव में मंदराजी दाऊ के नाम पर कुछु नइ हे। ओखर सिखाए कलाकार के नाम में पदम श्री गोविन्दराम निर्मलकर आडिटोरियम रखे गेय हवे लेकिन दाऊजी के नाम म शहर में एक ठन चिनहा नइ हे। ये तो धन्न हे ओखर सान्निध्य में रहे कुछ कलाकार मन कन्हारपुरी में दाऊ जी की आवक्ष प्रतिमा स्थापित कर के हर साल एक अप्रैल के दिन रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम कर के धूमधाम से मंदराजी जयंती मनाथे अउ अपन कला पुरखा ल कृतज्ञता पूर्वक याद करथे।

### सांगीतिक माहौल के जनमदाता

दाऊ मंदराजी ल नांदगाव क्षेत्र में सांगीतिक माहौल का जन्मदाता कहा जाए तो अतिश्योक्ति नइ होही। वो जमाना में तत्कालीन कोलवा मुंशी चौक ले दिग्विजय कॉलेज जवइया रोड म सजने वाला दाऊ जी के संगीतिक दरबार में हारमोनियम तबला व मंजीरे के आवाज ह वातावरण में गूंजे करे। दादरा कहरवा के साथ एकताल त्रिताल, दीपचन्दी, रूपक, आडा चौताल की गमक माहौल में गुंजायमान होवय। चौक ले ही लगे बासपाई पारा में रखेली साज का जनाना परी कलाकार जगन्नाथ निर्मलकर ह राहय। ऐती मोहबा-मोहारा गांव ले जाने-माने हास्य कलाकार मदन निषाद है आवय। चौखड़िया पारा क्षेत्र के बड़का गायक अउ गीतकार रामरतन सारथी के घलो आगमन होवय। फेर का हे कि रात -रात भर संगीतिक बैठकी चले । बाम्हन पारा निवासी वरिष्ठ लोक कलाकार प्रमोद शर्मा ल लेके वीरेन्द्र शुक्ला व कला प्रेमी रामकृष्ण ठाकुर (लल्लू) ह बतावय कि जब दुर्गा चौक में दाऊ जी का नाचा होवय तेला वोमन देखे ल जाय करे। वोह इही कोई 55 - 60 के दशक रहिस होही। वो समे उंखर उमर 10-11 साल के रिहिस होंही। दाऊ जी ह गांधी चौक के रामायण प्रचारक भवन में घलो आय करे। तब के समय के खेलन महराज, मुन्ना प्रसाद तिवारी आदि के संग बैठ कर रामायण गायन करे। राग-रागिनी के फोहारा उड़ावय। ये दौर में नांदगांव में दो- तीन स्थान में सांगीतिक महफ़िल जमें। एमा कामठी लाइन में प्रसिद्ध चित्रकार ठा0 हीरा सिंह गौतम के यहां तबला, सितार, हारमोनियम के साथ मंदराजी दाऊ, शिवदत्त बाबू, रामरतन सारथी, पंकज श्रीवास्तव, सोनी जी, चिंतामणि रजक, आदि कला संगीत के अनुरागी मन के गायन-वादन होवय। गीत-संगीत के फुहारा उड़य । ,राग रागनी के के बहार छिड़य । शास्त्रीय ताल के गमक में पूरा वातावरण ह आन्दोलित होवय। लोग एक-एक ताल मात्रा में झूम उठय। तबला के सम मे आवत ही उंखर मुंह ले अनायास आह अउ वाह निकल पड़े।

ये आलेख के लेखक ह खुद दाऊ मंदराजी के साथ वाद्य वादन कर प्राथमिक रूप से राग रागनी के जानकारी पाय हवे। सन् 1981में खैरागढ़ के तीर सूरजपुर गांव के एक नाचा कार्यक्रम में यमन राग के गीत जौन दादरा में निबद्ध रिहिस, भैरवी के सुर लगा कर को नचाने के चेष्टा करिस, त,, दाऊ जी ह वोला भरे मंच ले धमका दिस। फेर बाद में वो ह बड़ प्रेम से समय के आधार पर राग रागनी के गायन वादन के मरम ल समझाइस। ये समय लेखक के लोक कला संगीत के क्षेत्र का पहिली परिचय रिहिस। सो, दाऊजी के बताए बात ल वो ह गांठ बांध कर रख लिस । जे ह वोखर संगीत निर्देशन के क्षेत्र मे आजो काम आवत हे। पितर पाख के समे सन् 1984 मे ये फानी दुनिया ल छोड़ के सरसती माता के गोदी में सदा- सरबदा बर समाय मंदराजी दाऊ ल वोखर पुण्य तिथि म कृतज्ञता पूर्वक सुमिरन करत हुए लोक कलाकार मन उन ला भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करथे। ए पंइत नाचा कला के सोन चिरैया दाऊ जी के गाए गीत -दौलत तो कमाती है, दुनिया,,पर नाम कमाना मुश्किल है,, आदि ल सुरता करत कन्हारपुरी में कबीर भजन के माध्यम सेसांगीतिक श्रद्धांजलि देते जाही। नाचा कलाकार मन केअपूरब पुरबज मंदराजी दाऊ जी ल सब्बो लोक कलाकार मन डहर ले भाव पूरित श्रद्धांजलि हे।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम : 275 - महाराज दशरथ ने श्री राम के साथ वन में जाने की इच्छा प्रकट की



डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

राजा दशरथ के द्वारा सभी उपाय कर लिए गए लेकिन श्री राम वनवास के अपने संकल्प से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। महाराज दशरथ ने कहा, "अगर तुमने यहां से प्रस्थान का संकल्प ले लिया है राम,तो मैं भी तुम्हारे साथ वन में रहूंगा। मैं कैकेई को अधिकृत कर दूंगा कि वह भरत को कैकेय प्रदेश से शीघ्र बुलवाकर मेरी अनुपस्थिति में मेरे स्थान पर भरत को युवराज नहीं बल्कि राजा बना दे और अपने चित्त में अपार शांति का अनुभव करे।"

यह सुनकर कक्ष में उपस्थित गुरु वशिष्ठ और सुमंत जी स्तब्ध रह गए। निराशा और क्षोभ में महाराज ये कैसी बातें बोल रहे हैं? गुरु वशिष्ठ ने कहा, "नृपश्रेष्ठ! धैर्य धारण कीजिए। आप अभी शारीरिक और मानसिक पीड़ा की स्थिति में हैं। अतः कोई नया संकल्प ना करें।"

सुमंत जी ने भी समझाया, "आप ऐसा सोच भी कैसे सकते हैं महाराज? श्री राम के जाने से अयोध्या श्री विहीन हो ही रही है और अगर आपने भी प्रस्थान कर दिया तो यह प्राणविहीन हो जाएगी क्योंकि राजा ही राज्य के प्राण होते हैं।"

महारानी कौशल्या ने कहा, "आप अभी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हैं महाराज और आपको विश्राम की आवश्यकता है। जब भाग्य और समय ने परिस्थितियों को इस स्थल पर लाकर खड़ा कर दिया है, तो इसमें आप भी कुछ नहीं कर सकते हैं।" महाराज दशरथ के मुख पर व्यग्रता है।उनके मस्तक पर उभर आई स्वेद बूंदों को पोंछते हुए एवं उन्हें वैद्य द्वारा दी गई औषधि देते हुए रानी सुमित्रा ने कहा, "राम का वनवास तो वर्तमान परिस्थितियों में निश्चित जान पड़ता है। आप उनकी सुरक्षा को लेकर भयग्रस्त न हों। अगर आप अन्य प्रकार से राम के वनवास को सुगम बनाने का प्रयास करना चाहें, तो इसे अनुचित नहीं माना जाएगा।"

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -195

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 194 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सामयिक चर्चा

### हम खुद अपने दुश्मन

आज अखबार न पढ़कर
बानी बोले परेशान होकर-
"क्या बताएँ गजाधर!
वैसे तो हम अपनी तरफ से
बहुत सोच-समझ कर, बाते करते हैं
पर लोग कहते हैं -
हम जब-तब व्यंग्य करते हैं।
वे हम से चिढ़ते है।
हमें अपना दुश्मन कहते हैं।
तो गजाधर! हम क्या दुश्मन है?
आप से बताएँ?"
गजाधर मुस्कराए, बोले-"बानी!
आप नहीं है किसी के दुश्मन।
बल्कि आप खुद है अपने दुश्मन।
बानी चकित हो बोल उठे-
"हम खुद अपने दुश्मन?
हम समझे नहीं, कैसे?
आप कारण बताव?"
गजाधर ने कहा-"कारण?
कारण है आपका स्वभाव!"



गिरीश बख्शी

## गांधी जी के 21 दिन का उपवास



श्रीमती शीला सोनी


गांधी जी अपनी आत्मकथा में लिखते हैं कि एक अनुभव मेरी स्मृति में बहुत ही स्पष्ट है उसका संबंध अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए किए गए मेरे 21 दिन के उपवास से है मैं रात को सोने चला गया तो मेरे मन में इसका विचार मात्र भी ना था कि दूसरे दिन सुबह उपवास व्रत की घोषणा करूंगा रात को लगभग 12 बजे मुझे कोई अचानक जगाता है और एक आवाज जो आंतरिक थी या बाह्य में नहीं कह सकता मुझे फुसफुस कर कहती है तुम्हें अवश्य उपवास करना चाहिए कितने दिन मैं पूछता हूं आवाज कहती है 21 दिन मैं पूछता हूं यह कब शुरू हो वह कहती है कल ही से शुरू कर दो और मैं निर्णय लेने के बाद शांतिपूर्वक सो गया प्रार्थना समाप्त होने से पहले मैंने अपने साथियों में से किसी को इस बारे में नहीं बताया मैंने अपने निर्णय की घोषणा एक कागज के टुकड़े पर लिखकर कर दी साथिया भी लिखा कि इस संबंध में मुझे वाद-विवाद ना करें कोई मेरा निर्णय अटल है और कागज का टुकड़ा उनके हाथ में थमा दिया डॉक्टरों का यह विचार था कि यह उपवास रखने पर मैं जिंदा नहीं बेचूंगा पर मेरे भीतर से फिर किसी ने कहा कि नहीं मैं जिंदा रहूंगा और मुझे व्रत अवश्य पूरा करना चाहिए इससे पहले या इसके बाद मेरे जीवन में ऐसा कोई अनुभव नहीं हुआ आगे गांधी जी लिखते हैं किप्रभु की लीला न्यारी है मेरे जीवन की सबसे अप्रत्याशित घटना घटी है अपने सार्वजनिक जीवन की लंबी अवधि में मैं बड़ी-बड़ी अप्रत्याशित घटनाओं का अभ्यास हो चुका हूं पर यह सबसे अधिक अप्रत्याशित है अब मेरे भाग्य में क्या पता है मैं नहीं समझ पाता की जेल के बाहर अपने जीवन का उपयोग किस तरह करूंगा पर यह कह दूं कि मैं जेल में रहूं या जेल से बाहर हरिजन सेवा की भावना हमेशा मेरे हृदय में होगी वह मेरे जीवन की सांस होगी मेरी रोज की रोटी से भी अधिक मूल्यवान मैं रोटी के बिना तो कुछ दिन जिंदा रह सकता हूं पर हरिजन सेवा किए बिना क्षण भर भी जीवित नहीं रह सकता सर्वशक्तिमान प्रभु से निरंतर मेरी यही प्रार्थना है कि हिंदू धर्म से छुआछूत दूर हो जाए करोड़ सजाती हिंदू सत्य रूपी सूर्य को जो हमारे ऊपर चमकता है तभी देख सकेंगे जब अपनी आंखों से पर्दा हटा देंगे गांधी जी आगे कहते हैं कि जैसा कि मैं बार-बार कहा है कि मेरा जीवन हरिजन की सेवा के लिए समर्पित है और मैं भारत से छुआछूत को हमेशा के लिए समाप्त कर देना चाहता हूं यही मेरे लिए बहुत बड़ी तपस्या उपासना होगी.

## राशिफल



**मेष**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे रचनात्मक कार्यों में लगाएंगे। इससे आपको मानसिक मिलेगा। आज दिन का अधिकतर समय पारिवारिक लोगों के साथ बीतेगा, सभी लोग खुशी महसूस करेंगे।




**वृषभ**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। आपके काम में परिवार वालों का सहयोग बना रहेगा। कारोबार में मेहनत का फायदा मिलेगा। आज राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े मित्र की पावर आपके लिए कारगर साबित होगी। उसके साथ लाभदायक बिंदुओं पर विचार-विमर्श भी रहेगा।




**मिथुन**

आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बनायेंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज स्वास्थ्य संबंधी हल्की-फुल्की परेशानी रहने की वजह से आलस और सुस्ती हावी रहेगी। जिसका असर आपकी कार्यप्रणाली पर पड़ सकता है।




**कर्क**

राशि-आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। आज जीवनसाथी के साथ खट्टी-मीठी नोकझोंक रहेगी। जिसकी वजह से संबंधों में और अधिक नजदीकियां बढ़ेंगी।



**सिंह**

आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज गतिविधियों में आपका योगदान होने से आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। आपके व्यक्तिगत काम भी आज काफी हद तक सुचारू रूप से पूरे हो जाएंगे।




**कन्या**

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियाँ बढ़ेगी। आज अपने जीवन को सकारात्मक नजरिए से समझने की कोशिश करेंगे तो इससे चल रही गलतफहमियां सुलझ जाएंगी। किसी खास मुद्दे पर चर्चा भी रहेगी।




**तुला**

छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपकी सेहत बढ़िया रहेगी। आज आपका अपने प्रियजनों के साथ बहुत ही बेहतरीन समय बीतेगा। घरेलू कामों में रुचि बनी रहेगी और रिलैक्स महसूस करने के लिए मनोरंजन संबंधी योजनाएं भी बन सकती हैं।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज ऑफिस के काम में आप थोड़े बिजी होंगे। आपको थोड़ी थकान महसूस होगी, अपने खान पान पर विशेष ध्यान दें। आज राजनैतिक और अनुभवी व्यक्ति की सलाह और मदद आपके व्यवसाय को नई दिशा देगी। आर्थिक स्थिति आज सामान्य बनी रहेगी।



**धनु**

आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। माता-पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे, आपके कामों में आपकी मदद भी करेंगे। आज आपके स्वभाव में वहम और गुस्से की स्थिति देखने को मिल सकती है जिसकी वजह से परिवार के लोग भी परेशान रहेंगे।



**मकर**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज काफी हद तक तनावमुक्त महसूस करेंगे।आज बहुत व्यवस्थित रहने का समय है। आज आप ध्यान रखेंगे कि आपकी बात से किसी को आघात ना पहुंचे। अपनी महत्वपूर्ण चीजों की संभाल खुद करेंगे। आज व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय पर अधिक ध्यान नहीं दे पाएंगे।



**कुंभ**

आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। आज मीडिया और कम्युनिकेशन से संबंधित व्यवसाय में उपलब्धियों के योग बन रहे हैं। इस उचित समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। व्यवसायिक पार्टियों के साथ संबंध मधुर बनाने का प्रयास करेंगे।



**मीन**

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा। कई तरह के विचारों का आदान-प्रदान रहेगा। आज घर में काफी समय बाद निकट संबंधियों का आगमन होगा और आपसी विचारों को साझा करने से घर के वातावरण को खुशनुमा बनाकर रखेगा।

# क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर एसडीएम एवं एसडीओपी द्वारा ली गई बैठक



**बैठक में विभिन्न विभाग के अधि0/कर्म0 सहित मंदिर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी व संबंधित लोगों को दिए**

डोंगरगढ़(दावा)। क्वांर नवरात्रि पर्व 2024 को लेकर आज दिनांक- 30.09.2024 को एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी आशीष कुंजाम, नायब तहसीलदार सत्यपाल, एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा द्वारा बैठक ली गई। बैठक में नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारीगण, डोंगरगढ़ क्षेत्र के होटल/ लॉज संचालकों, मेला पार्किंग वालों एवं मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों, ऑटो चालकों सहित गणमान्य नागरिकगण शामिल हुये।

बैठक में क्वांर नवरात्र की तैयारी को लेकर एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं चर्चा दौरान मीटिंग में उपस्थित हुये होटल/लॉज संचालकों, मेला पार्किंग व्यवस्था वालों से एवं मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पार्किंग व्यवस्था हेतु नगर पालिका परिषद के अनुसार तय राशि का पार्किंग स्थल में रेट लिस्ट बोर्ड लगाने, रसीद देने, पार्किंग स्थल में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने, पार्किंग स्थल पर संचालक का नाम नंबर लेख करने, किसी भी दर्शनार्थी से पार्किंग के नाम पर निर्धारित राशि से ज्यादा अवैध वसुली नहीं करने संबंधी समझाईस दिया गया है, मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों को नगर पालिका द्वारा प्रदाय निर्धारित किये स्थानों पर ही तरतीबवार दुकान लगाने निर्देशित किया गया है।

### होटल/ढाबा एवं लॉज संचालकों/कर्मचारियों को नियमों का पालन करने के दिए गए निर्देश

बैठक में होटल/ढाबा एवं लॉज संचालकों/कर्मचारियों को नियमों का पालन करते हुये होटल/ढाबा एवं लॉज में आने व ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण पता पहचान पत्र सहित, आने-जाने एवं ठहरने के कारण सहित जानकारी रखने एवं रजिस्टर में इन्द्राज करने साथ ही संदिग्ध लगने पर तत्काल थाना को सूचना देने हेतु समझाईस दिया गया है व होटल/ढाबा एवं लॉज में लगे खराब सीसीटीवी कैमरा को तत्काल ठीक करवाने हेतु निर्देशित किया गया है। ऑटो चालकों को बाहर से आने वालें दर्शनार्थियों से भाड़ा के नाम से अवैध वसूली नहीं करने व दर्शनार्थियों को बेवजह परेशान नहीं करने व शालीनता से बात करने हेतु हिदायत दिया गया है। मीटिंग में उपस्थित सभी लोगों से नवरात्र पर्व के दौरान शांति व्यवस्था एवं धार्मिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई है।

## स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने मानव श्रृंखला का रूप देकर रैली निकाली

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनों को प्रेरित किया स्वच्छता के प्रति**



डोंगरगढ़(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मिश्रित हाईस्कूल डोंगरगढ़ द्वारा 01 अक्टू. को शाला से रेलवे स्टेशन तक एक मानव श्रृंखला का रूप देकर स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रेलवे स्टेशन के टिकट घर प्रांगण में स्वच्छता विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतिकरण किया गया। इसमें शाला के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे। यह जानकारी शाला के खेल प्रभारी मिलेंद्र टेंभूरकर ने दी।

# अपर कलेक्टर मारकण्डेय ने माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि मेला पर्व की तैयारी का किया निरीक्षण



**रोपवे का किया ट्रायल, मंदिर परिसर में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था का लिया जायजा**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने आज माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर 2024 तक चलने वाली क्वांर नवरात्रि मेला पर्व की तैयारी का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने रोपवे का ट्रायल लिया तथा बधियाटोला अंडर ब्रिज में पानी में रेत से आने-जाने का मार्ग बनाया गया है उसका अवलोकन किया। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी के नीचे मंदिर एवं ऊपर मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में पेयजल, साफ-सफाई, ठहरने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न सेवा पंडाल में आवश्यक सुविधाएं, डोंगरगढ़ मेला स्थल में साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाई रखने के लिए कहा। इस अवसर पर माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, थाना प्रभारी जितेंद्र साहू, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. एक्का, सीएमओ डोंगरगढ़ चंद्रकांत शर्मा, सीएमओ लाल बहादुर नगर श्री दुबे, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि निरीक्षक डोमेन्द्र ध्रुव, उप अभियंता नगर पंचायत डोंगरगढ़ रितेश स्थापक, नायब तहसीलदार श्रीमती मेघा जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### मां बम्लेश्वरी केदारनाथ आने वाले पदयात्रियों के लिए प्रशासन द्वारा मार्ग तय किया गया



डोंगरगढ़(दावा)। जिला प्रशासन द्वारा मां बमलेश्वरी देवी केदारनाथ आने वाले पदयात्रियों के लिए सुगम मार्ग की व्यवस्था भी की जा रही है। अंजोरा से लेकर राम दरबार मंदिर तक नेशनल हाईवे को वन-वे कराया जाएगा। इसके साथ-साथ राम दरबार चौक से लेकर बल्देव बाग होते हुए पैदल दर्शनार्थी मोतीपुर, नवागांव, बजरंगपुर, लिटिया, सुकुल दैहान होते हुए डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी के दरबार में पहुंचेंगे। इस मार्ग का मरम्मत कार्य कराने के साथ-साथ बिजली की भी अस्थाई व्यवस्था की जा रही है।

### शहरवासियों ने स्वच्छता मैराथन कर ली स्वच्छता शपथ



डोंगरगांव (दावा)। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा स्वच्छता मैराथन एवं स्वच्छता शपथ का आयोजन कर शहर में स्वच्छता के प्रति आमजनों को जागरूक किया गया। 1 अक्टूबर मंगलवार को आयोजित यह मैराथन नगर पंचायत कार्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य सडक़ से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाप्त हुआ। यहाँ उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी, सफाई मित्र एवं स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई।

### छेड़छाड़ का आरोपी पकड़ाया



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र के छेड़छाड़ के आरोपी को जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। बताया जाता है कि वह पीड़िता को बुरी नीयत से परेशान करता था वही रिपोर्ट लिखाए जाने पर प्रार्थिया के परिवार को जान से मार देने की धमकी दिया था। फिलहाल वह जेल की हवा खा रहा है। लालबाग थाना प्रभारी नवरत्न कश्यप ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है जो पूर्व में जेल जा चुका है। घटना के संबंध में उन्होंने जानकारी दी कि पीड़ित प्रार्थिया द्वारा थाना आकर आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि ग्राम फरहद निवासी गुलशन देवांगन प्रार्थिया को बहुत प्यार करता हूं कहकर बुरी नीयत से हाथ बांह पकड़कर मुझसे इसी तरह मिल व अपने पति को मत बताना कहकर गंदी-गंदी बात करने लगा, तब प्रार्थिया जाने लगी तब आरोपी द्वारा तुम किसी को कुछ नहीं बताओंगे कहकर परिवार वालों का कसम देने लगा और छोड़ा। इन सब घटना के बारे में प्रार्थिया अपने परिवार को बताई तो प्रार्थिया के पति द्वारा गुलशन को फोन कर घर बुलाने पर वह फरसा लेकर घर आया और प्रार्थिया के परिवार वालों को फरसा लेकर जान से मारने के लिए दौड़ाने लगा जिसे प्रार्थिया व उसकी सास बीच बचाव किये जो आरोपी गुलशन द्वारा थाना में रिपोर्ट लिखाओगे तो तुम्हारे पति एवं परिवार को जान से मार दूंगा कहकर धमकी देने लगा कि रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 444/2024 धारा 74,75,351(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### महिलाओं ने की बच्चा चोरी, भेजी गई जेल

राजनांदगांव(दावा)। बालोद जिले के दल्ली राजहरा में राजनांदगांव की तीन महिलाओं द्वारा बच्चा चोरी का मामला सामने आया है। दल्ली राजहरा में घटी उक्त घटना के मद्देनजर पुलिस ने उन्हें पकड़कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि तीनों महिला दल्ली राजहरा के बजरंग चौक में झाडिय़ों में छिपी थी जिन्हें वार्डवासियों ने पकड़ा और पुलिस की सूचना दी। मिली जानकारी के मुताबिक पकड़ी गई महिलाओं के नाम भूरी बाई, साजन बाई, अंजू बाई है। दल्ली राजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि तीन महिलाओं को वार्ड नं. 11 के लोगों ने पकड़कर रखा था। पुलिस के पूछताछ में महिलाओं ने कोई सही जवाब नहीं दिया। इसके बाद उन पर कोई बड़ी घटना को अंजाम न दे इस अंदेशे के साथ तीनों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# बोरतलाब में 5 अक्तूबर को धूमधाम से मनेगी दुर्गावती की 500 वीं जयंती

**समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों की रहेगी प्रमुख उपस्थिति**





कल्लूबंजारी (दावा)। क्षेत्रीय सर्वआदिवासी समाज बोरतलाब के तत्वावधान में आगामी 5 अक्तूबर शनिवार को प्रात: 11बजे से गोंड़वाना वीरांगना महारानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती डोंगरगढ़ विकासखंड के गांधीनगर बोरतलाब में धूमधाम से मनायी जायेगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष एवं प्रखर वक्ता दिनेश कुरेटी दिलेर होंगे, अध्यक्षता सर्वआदिवासी समाज बोरतलाब के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोविंद मंडावी, सहअध्यक्षता आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज रामजीटोला बोरतलाब के क्षेत्रीय अध्यक्ष संतलाल उइके करेंगे।

विशेष अतिथि अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड़ महासभा ओड़ारबांध के अध्यक्ष मदन नेताम, आदिवासी कंवर समाज के जिलाध्यक्ष बिन्दु चन्द्रवंशी, सर्व आदिवासी समाज डोंगरगढ़ के तहसील अध्यक्ष सुरेश मंडावी, डोंगरगढ़ के जनपद सदस्य संगीता नेताम, बोरतलाब के सरपंच सरिता ओमप्रकाश मंडावी, सर्व आदिवासी समाज राजनांदगाँव के जिलाध्यक्ष जसवंत घावड़े एवं स्थानीय आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज, आदिवासी प्रधान गोंड़ समाज एवं आदिवासी कंवर समाज के स्थानीय समाज प्रमुख गण होंगे।

आयोजन प्रमुखगण रमेश उइके, ओमप्रकाश मंडावी, बिरझूराम उइके, बलिराम टेकाम, अशोक ठाकुर, अनिल छेदैहा आदि ने बताया कि बोरतलाब, कौहापानी, कुरेझर, रामजीटोला, गांधीनगर, नेहरूनगर, बैगाटोला, बोडराटोला एवं छिन्दीजोब के सर्व आदिवासी समाज के वरिष्ठ प्रभाग, महिला प्रभाग एवं युवा प्रभाग के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक रणनीति बनाकर युद्धस्तर पर काम रहे है। आयोजन प्रमुखों ने सर्व समाज के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

# शा. महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने लिया स्वच्छता शपथ



डोंगरगांव (दावा)। नगर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा परववाड़ा मनाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डोंगरगांव के तत्वावधान में प्राचार्य व्दारा सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाया गया और अधिक से अधिक लोगों तक स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव पैदा कर इस शपथ सार्थक करने की बात कही गई।

स्वच्छता शपथ कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण में डॉ.ए.के. धमगाये, रेणुका ठाकुर, गणेश कुमार नेताम, शिवनाथ देवांगन, चंदन कुमार, आशा वर्मा, संध्या मेश्राम, चंदू वर्मा, एकलव्य साहू, खोमूदास, शिल्पी वासनिक, नारायणदास आदि सभी विषय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रा.से.यो. बालक एवं बालिका दोनों इकाई के अलावा महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। रा.से.यो.के वरिष्ठ स्वयं सेवक दानेश्वर साहू के अलावा सत्यम वैष्णव, देवनारायण माली, खेमचंद साहू, झनकलाल, मुकेश कुमार, पूजा साहू, करीना, मुस्कान, डोमेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# खपराभाट में महिला समूह का हुआ वार्षिक आमसभा



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम खपराभाट में महिला समूह का आम सभा का आयोजन भाग्य विधाता ग्राम संगठन के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इसमें महिला समूह के द्वारा विभिन्न प्रकार का खेल का आयोजन किया गया तथा अपने अपने समूह द्वारा किया गया कार्य पर प्रकाश डाला गया। महिला समूह के द्वारा अपने आर्थिक विकास कैसे समृद्ध किया जाये ताकि सभी महिला समूह के सदस्य भी का विकास हो सके। महिला समूह के द्वारा मछली पालन, जैविक खाद बीज कैसे कम लागत में तैयार किया जा सकता है पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत लाल साहू पूर्व सरपंच एवं अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज गैन्दाटोला थे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं का ही घर और गांव का विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है हम सबको महिलाओं का सदा सम्मान करना चाहिए। इस कार्यक्रम में श्रीमती जमुना बरम चन्द्रवशी सरपंच, श्रीमती सखिना बाई, जैन बाई, सुनिता साहू, देवीसिंह उके,पेशी राम लाल, राम ईश्वर साहू, नेमन साहू, गुलाब साहू, गिरधर साहू उत्तम कुमार नेताम, ग्राम पटेल यमुना दास मानिकपुरी, समारू राम नेताम, बलेश्वर साहू विशेष रूप उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है अध्यक्ष रुकमनी साहू, सचिव संगीता साहू, कोषाध्यक्ष बेनू साहू, कृषि सखी, किरण कन्वर, पशु सखी अन्नु साहू, सहायिका सुनीता साहू, सक्रिय महिला टिकेश्वरी साहू, सीआरपी नुतन साहू एवं ग्राम के पन्द्रह समूहों के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा एवं आस-पास गांव से महिला समूह के सदस्य लोग आये हुए थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का भी भरपूर सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन यमुना दास मानिकपुरी ने किया।

### आज गंधर्व समाज की बैठक

डोंगरगढ़(दावा)। गंधर्व समाज की समस्त जिला पदाधिकारी व महिला पदाधिकारी तथा क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं सदस्यों से अनुरोध है कि जिला गंधर्व समाज राजनांदगांव की आवश्यक बैठक दिनांक 2 अक्टुबर 2024 दिन बुधवार समय 12 बजे गंधर्व भवन राजनांदगांव में रखा गया है। जिसमें तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर चर्चा किया जाना संभावित है। कपिल बघेल मीडिया प्रभारी राजनादगांव द्वारा सभी सामाजिकगणों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति देकर समाज को प्रबल बनाएं।

# निर्विरोध सदर चुने गए रफीक खत्री-मिली बड़ी जिम्मेदारी



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव मुस्लिम समाज द्वारा समाज का प्रतिनिधित्व करने हेतु समाज के विभिन्न गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहने वाले व मिलनसार स्वभाव का व्यक्तित्व रखने वाले रफीक खत्री को निर्विरोध मुस्लिम समाज का सदर(अध्यक्ष) पद की जिम्मेदारी दी गई है। सदर के चुनाव में रफीक खान के नाम का प्रस्ताव आने के बाद और किसी ने भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत नहीं की. समाज के सभी वर्ग ने एकजुटता दिखाते हुए इस प्रस्ताव का स्वागत व समर्थन कर प्रस्ताव को फैसले में तब्दील कर दिए। रफीक खत्री के सदर चुने जाने पर समाज के प्रमुख जन डॉ.बशीर खान, जावेद खान, मो.अमीर निरबान, इकबाल तंवर, रियाजुद्दीन सोलंकी, एजाज हाशमी, रियाज हाशमी, इरफान कुरैशी, सद्दाम खत्री, महमदुल्लाह मास्टर, इकबाल हसन, नजीर तंवर, नफीस खान सहित समस्त मुस्लिम समाज में खुशी का माहौल है।

# दूरस्थ अंचल की बेटियों के जीवन रोशनी से जगमगाया



छुरिया (दावा)। बिल्कुल जी हा सही पढ़ रहे हैं और यह संभव हुआ है हमारे जिले में संचालित राष्ट्रीय अंधत्व अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से इस कार्यक्रम के अध्यक्ष जिलाधीश संजय अग्रवाल के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नेतराम नवरतन के आदेशानुसार व जिला नोडल अधिकारी सुश्री भानुप्रिया चौधरी के मार्गदर्शन में विकासखंड छुरिया के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम गैंदातोलद्य निवासी अरुण सेन की पुत्री कु. वेदिका जो कि कक्षा 6 की छात्रा और ग्राम चिखलाकसा निवासी श्री सोनबरसा की पुत्री कु भाग्य जो कि कक्षा 3 की छात्रा है। जिनको जन्म से ही मोतियाबिंद होने के कारण उनको अपनी पढ़ाई लिखाई और सामान्य बच्चों की तरह खेल कूद करने में और अपने दैनिक जीवन को निर्वहन करने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इन परेशानियों से पूरा परिवार चिंतित रहता था। बच्चों के भविष्य के बारे में सोचकर हर दिन परिवार चिन्ता में गुजार रहे थे और अपने तरीके से कई बड़े बड़े हॉस्पिटल में ईलाज करवा कर थक हार गए थे। हर जगह महंगा इलाज और ओर आपरेशन के बक़द रोशनी की कोई गारंटी न बताने के कारण परिवार बहुत चिंतित रहता था। लेकिन छुरिया क्षेत्र नेत्र सहायक अधिकारियों के टीम द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ ओमेश भगत के माध्यम से प्राथमिक जांच उपरांत वरिष्ठ नेत्र अधिकारी विजय मेश्राम के सहयोग से और उनके मार्गदर्शन में दोनो बच्चों को अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज पेंड्री में भेजकर उनका सफल ऑपरेशन करवाकर उनके अँधेरे जीवन को रोशनी से भरकर उन छोटे बच्चों को अपने सामान्य जीवन जीने में मदद किया गया।

इसमें पूरा सहयोग स्वास्थ्य विभाग के खण्ड कार्यक्रम अधिकारी रोशन नंदेश्वर नेत्र सहायक अधिकारी नयन पटेल, संजीव यादव, मुकेश साहू, नवीन मेश्राम, देवेंद्र साहू, विनोद टांडेकार एवं समस्त स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ता एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का सहयोग रहा। इस पुनीत कार्य के लिए सबका सहयोग सराहनीय रहा।

# 12 आंगनबाड़ी केंद्र को मिला कूलर

**जनपद सदस्य तीजन मानिकपुरी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खरीदी कूलर**



बांधाबाजार (दावा)। विकासखंड अं.चौकी के ग्राम केकतीटोला मे गत दिवस राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम एवं कूलर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 12 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए कूलर वितरित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत, श्रीमती कुंजलता हरमुख भाजपा ब्लॉक मंडल अध्यक्ष, श्रीमती तीजन मानिकपुरी जनपद पंचायत सदस्य अं. चौकी, सरपंच गोविंद नुरेटी, उपसरपंच परमेंद्र यादव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि शंकर मानिकपुरी, सचिव बिसाहू दास साहू, रोजगार सहायक रमेश पाल उपस्थित थे। इस अवसर पर पंच श्रीमती नीलम साहू, खेमिन कुंजाम, रमशिला नेताम, कुमेश्वरी यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती बिमला नेताम, चमारिन कोर्राम सहित 4 ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, गर्भवती माता, धात्री माता, ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति रही।

श्रीमती कमलेश सारस्वत ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए कूलर प्रदाय करने पर जनपद सदस्य श्रीमती तीजन बाई मानिकपुरी को धन्यवाद दिया। कहा कि इस तरह के आयोजन हर ग्राम में होनी चाहिए ताकि लोगों को पोषण की जानकारी प्राप्त हो सके। श्रीमती तीजन मानिकपुरी ने कहा कि आंगनवाडी केंद्रों में कूलर वितरण होने से बच्चों को बेहतर वातावरण मिलेगा तथा उनके विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आंगनबाड़ी के बच्चों के विकास के लिए काम करने वाली संस्था मोबाईल क्रैचेस संस्था को धन्यवाद दिया तथा कहा कि संस्था छोटे बच्चों के समग्र विकास के लिए सतत नवाचार प्रयास करते रही है। कार्यक्रम में ग्रामीण समुदाय की ओर से इंदल कोर्राम ने श्रीमती मानिकपुरी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में 12 गर्भवती माता की गोद भराई एवं 10 धात्री माताओं के बच्चों का अन्न प्रासन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मध्य मोबाईल क्रैचेस संस्था के द्वारा महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र मलगामे के द्वारा किया गया।

# पहला कॉलम...

## टेनिस स्टार एंजेल का सीआईएससीई राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन

अहमदाबाद। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन साबरमती रिवरफ्रंट स्पोर्ट्स पार्क में टेनिस अकादमी की युवा ट्रेनी एंजेल मोरेरा को सीआईएससीई राष्ट्रीय खेल 2024 में भाग लेने के लिए चुना गया है। वह इस आयोजन में लड़कियों की अंडर-19 श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए एंजेल का चयन उनके उभरते टेनिस करियर में एक टर्निंग पॉइंट है। यह युवा भारतीय प्रतिभाओं को वैश्विक मंच के लिए और उनका शानदार भविष्य तैयार करने के लिए अकादमी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एंजेल ने चयन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं सीआईएससीई नेशनल गेम्स 2024 के लिए चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह अवसर मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, जो मैं इस मुकाम तक पहुंची हूं। मैं अदाणी स्पोर्ट्सलाइन अकादमी से प्राप्त समर्थन और प्रशिक्षण के लिए आभारी हूं, जिसने एक खिलाड़ी के रूप में मेरे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी संजय अडेसरा ने कहा, एंजेल का सीआईएससीई राष्ट्रीय खेलों के लिए क्वालीफाई करना उनके और हमारे खेल विकास पहलों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह भारत में युवा प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण प्रदान करने के महत्व को दर्शाता है। हम इसे भारत के खेल परिदृश्य में योगदान देने के अपने व्यापक लक्ष्य की दिशा में एक कदम के रूप में देखते हैं और आगामी प्रतियोगिता में एंजेल को शुभकामनाएं देते हैं।

## ओला इलेक्ट्रिक के शेयर हुए धड़ाम

मुंबई। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर की कीमत में 4 प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट देखने को मिली। इस कारण से शेयर के दाम लिस्टिंग के बाद पहली बार 100 रुपये के नीचे पहुंच गए। अब तक के कारोबारी सत्र में, ओला इलेक्ट्रिक के शेयर ने 97.84 रुपये का न्यूनतम स्तर और 102.38 रुपये का उच्चतम स्तर छुआ है।

दोपहर 1.36 बजे, ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.10 रुपये पर था। शेयर में पिछले 11 सत्रों में से 9 सत्रों में गिरावट देखने को मिली है। इस गिरावट को मिलाकर ओला इलेक्ट्रिक का शेयर अपने पीक 157.4 रुपये से करीब 36 प्रतिशत फिसल गया है। ओला के शेयर में आ रही गिरावट कंपनी के लिए परेशानी बढ़ने का संकेत है। अगस्त में लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर में बड़ी तेजी देखी गई थी और ओला इलेक्ट्रिक के शेयर ने लिस्टिंग के दो हफ्ते में ही 107 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया था। हाल में आई रिपोर्ट के मुताबिक, ओला इलेक्ट्रिक की फ्लैगशिप ईवी स्कूटर सीरीज एस1 में बड़ी संख्या में ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ना रहा है। इसमें सॉफ्टवेयर में खराबी, स्पेयर पार्ट्स की कमी और सर्विस सेंटर पर लंबा इंतजार शामिल है। ओला इलेक्ट्रिक डायरेक्ट-टू-कस्टमर मॉडल पर काम करती है।

## उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया ने दी चेतावनी

नई दिल्ली। एक दिन पहले 76 वें सशस्त्र बलों के समारोह को संबोधित करते हुए, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक येओल ने कहा कि उत्तर कोरिया अपने शासन के अंत का सामना करेगा अगर वो प्योंगयांग परमाणु युद्ध का प्रयास करता है। उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने परमाणु हथियार का इस्तेमाल किया तो उसको इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति की तरफ से ये बयान 76वें सशस्त्र बलों के समारोह के दिन दिया गया है। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक येओल ने दक्षिण कोरिया-यूएस गठबंधन की तरफ बदला लेने की चेतावनी दी है, अगर उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों का उपयोग करने का प्रयास करता है।

## थाईलैंड के स्कूली बस में लगी आग, छात्रों समेत 25 लोगों के मारे जाने की आशंका

बैंकॉकः थाईलैंड के एक स्कूली बस में आग लग जाने से छात्रों समेत कम से कम 25 लोगों के मारे जाने की आशंका है। दमकल और बचाव दल मौके पर हैं। अधिकारियों और बचावकर्मियों ने ही यह जानकारी दी है। हादसे के दौरान झुलसने से कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है। हादसा किस वजह से हुआ, इस बारे में अभी कोई सटीक जानकारी सामने नहीं आई है। स्थानीय लोग भी बचाव और राहत दलों के साथ आग बुझाने और पीड़ितों की मदद करने में जुटे थे। बैंकॉक पोस्ट के अनुसार यह बस उथाई थानी में एक स्कूल से छात्रों को ले जा रही थी। इसी दौरान इसमें आग लग गई। बचावकर्मियों ने कहा कि आग की लपटों में कई युवा यात्रियों की मौत हो गई या वे घायल हो गए।

# भारत ने 7 विकेट से जीता कानपुर टेस्ट घर पर जीती लगातार 18वीं सीरीज



बांग्लादेश का सूपड़ा साफ

कानपुर। टीम इंडिया ने कमाल का खेल दिखाते हुए कानपुर टेस्ट मैच को अपने नाम कर लिया है. बांग्लादेश ने भारत को जीतने के लिए 95 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे टीम इंडिया ने 18वें ओवर्स में ही बना लिया और 7 विकेट से मैच जीत लिया. इस मैच को जीतने के साथ ही टीम इंडिया ने 2 मैचों की सीरीज में बांग्लादेश को क्लीन स्वीप कर दिया है. घर पर भारत की यह लगातार 18वीं सीरीज जीत है.

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने शानदार जीत दर्ज की है. टीम इंडिया को चौथी पारी में 95 रनों का आसान लक्ष्य मिला था, जिसका क्रेडिट पूरी तरह से भारतीय गेंदबाजों को जाता है. अब इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 3 विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल किया और 7 विकेट से जीत हासिल कर ली.

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में भारत ने जीत हासिल कर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की थी. टीम इंडिया और बांग्लादेश की टीम जब कानपुर आई, तो मैच शुरू तो हुआ लेकिन खराब मौसम के चलते बीच में ही रुक गया. पहले दिन 35 ओवर खेलकर बांग्लादेश ने 107/3 का स्कोर बनाया था. लेकिन फिर ढ़ाई दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया.

तब ऐसा लगने लगा कि कानपुर टेस्ट ड्रॉ हो जाएगा, मगर ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट में भी टी-20 वाला खेल दिखाया जी हां, अपनी पहली पारी में भारत ने शुरुआती 3 ओवर में 50 रन बनाकर ये मैसेज दे दिया था कि वह ड्रॉ के लिए नहीं रिजल्ट के लिए खेल रहे हैं. वहीं, आखिर में भारत ने 95 रन के लक्ष्य को हासिल कर जीत हासिल की. इस तरह भारत ने 2-0 से बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप कर दिया है. बांग्लादेश के साथ खेले गए कानपुर टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया. टॉस हारकर बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी की. जहां, मोमिनुल हक की शतकीय पारी की मदद से पहली पारी में बांग्लादेश की टीम 233 के स्कोर पर ऑलआउट हुई थी. वहीं, दूसरी पारी में बांग्लादेश 146 के स्कोर पर ही सिमट गई. नतीजन, भारत को 95 रनों का बेहद आसान लक्ष्य मिला.

## शूटिंगः पार्थ राकेश माने ने लीमा जूनियर वर्ल्ड्स में दोहरा स्वर्ण पदक जीता

लीमा। पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक और टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर जूनियर विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में हुआ।



पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। भारत को तीसरा स्वर्ण भी मिला जब गौतमी भानोट, शंभवी क्षीरसागर और अनुष्का ठाकुर ने जूनियर महिला टीम इवेंट में 10 मीटर एयर राइफल में जीत हासिल की। लेकिन दिन की सबसे बड़ी उपलब्धि 16 साल के पार्थ माने की रही। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 24-शॉट के फाइनल में 250.7 अंक हासिल किए और चीन के मौजूदा जूनियर एशियाई चैंपियन हुआंग लिवानलिन को 0.7 अंकों से पछाड़ दिया।

इसके अलावा, अमेरिका के ब्रेडन पीसर ने कांस्य पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन चौथे स्थान पर रहे। मौजूदा डबल जूनियर विश्व चैंपियन रोमन औफ्रेर छठे स्थान पर रहे।

भारत के अन्य निशानेबाजों, अजय मलिक और 15 साल के अभिनव शॉ ने क्रमशः पांचवां और सातवां स्थान हासिल किया।

## टॉप सीड्स विष्णु, वैदेही ने फेनेस्टा ओपन में जीत से की शुरुआत

नई दिल्ली। टॉप सीड्स (शीर्ष वरीयता प्राप्त) और पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन विष्णु वर्धन और वैदेही चौधरी ने सोमवार को यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में 29वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के पहले दिन अपने-अपने वर्ग में विजयी शुरुआत की, जबकि अभिनव संजीव ने पहले दौर में तीसरे वरीय इशाक इकबाल को हराया।

**राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप**

एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले तेलंगाना के विष्णु को पहले दौर में हरियाणा के उदित कंबोज के खिलाफ मुश्किल शुरुआत मिली, लेकिन आखिरकार उन्होंने सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट में आगे बढ़ गए।

पूर्व डेविस कप खिलाड़ी को मैच की शुरुआत में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि उदित ने बेसलाइन पर अपनी तेज़ हरकत और शक्तिशाली फोरहैंड से उन्हें शुरुआती सेट में कभी भी बड़ी बढ़त हासिल नहीं करने दी। जब विष्णु ने अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और सटीक शॉट खेलने के लिए अपना संयम बनाए रखा, तो स्कोर 5-5 से बराबर हो गया। दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन ने अगले दो गेम जीतकर सेट अपने नाम किया और फिर शुरू से ही अगले सेट पर कब्ज़ा जमाते हुए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। महिला एकल वर्ग में, 2022 फ़ेनेस्टा नेशनल चैंपियन गुजरात की वैदेही ने पहले सेट में सैली ठक्कर (गुजरात) के खिलाफ़ सकारात्मक शुरुआत की और शानदार क्रॉस-कोर्ट फ़ोरहैंड के साथ 6-2 से जीत हासिल करने से पहले तेज़ी से बढ़त हासिल की।

## जडेजा 300+ टेस्ट विकेट लेने वाले बाएं हाथ के पहले भारतीय स्पिनर



विटोरी-वॉर्न की इस सूची में शामिल

कानपुर। भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में खेले जा रहे टेस्ट में रवींद्र जडेजा ने कहर बरपाते हुए तीन विकेट ले लिए हैं। उन्होंने मैच के पांचवें दिन बांग्लादेश की दूसरी पारी में तीन विकेट झटके। जडेजा ने बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (19), लिटन दास (1) और शाकिब अल हसन (0) को पवेलियन भेजा।

उनके कुल टेस्ट विकेट की संख्या 303 हो गई है। जडेजा ने 300 का आंकड़ा बांग्लादेश की पहली पारी के दौरान छुआ था। उन्होंने खालिद अहमद को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की थी। जडेजा इसी के साथ टेस्ट में 300 विकेट लेने वाले पहले बाएं हाथ के भारतीय स्पिनर बन गए हैं। उनसे पहले छह भारतीय गेंदबाजों ने 300 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं, लेकिन इनमें कोई भी बाएं हाथ का स्पिनर नहीं है।

जडेजा से पहले अनिल कुंबले (दाएं हाथ के लेग स्पिनर), आर अश्विन (दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर), कपिल देव (दाएं हाथ के तेज गेंदबाज), हरभजन सिंह (दाएं हाथ के स्पिनर), ईशांत शर्मा (दाएं हाथ के तेज गेंदबाज) और जहीर खान (बाएं हाथ के तेज गेंदबाज) ने 300 से ज्यादा टेस्ट विकेट लिए हैं। जडेजा इस लिस्ट में एंट्री पाने वाले लेटेस्ट गेंदबाज हैं और वह पहले बाएं हाथ के स्पिनर हैं। जडेजा के बाद बिशन सिंह बेदी का नंबर आता है और उन्होंने 266 विकेट लिए थे।

इतना ही नहीं जडेजा टेस्ट में 3000 से ज्यादा रन बनाने और 300 से ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। उनसे पहले डेनियल विटोरी, आर अश्विन और शेन वॉर्न ऐसा कर चुके हैं। विटोरी ने टेस्ट में 4531 रन बनाए थे और 382 विकेट लिए थे। वहीं, अश्विन ने 3423 रन बनाए हैं और 527 विकेट लिए हैं। शेन वॉर्न के नाम टेस्ट में 3154 रन और 708 विकेट हैं। जडेजा 3130 रन बना चुके हैं और 303 विकेट ले चुके हैं।

वह इस प्रारूप में 300 विकेट और 3000 रन पूरे करने वाले 11वें खिलाड़ी बन गए। वहीं, ऐसा करने वाले वह भारत के तीसरे खिलाड़ी हैं। जडेजा से पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव (434 विकेट और 5248 रन) और दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (522 विकेट और 3422 रन) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। कानपुर टेस्ट की बात करें तो भारत ने बांग्लादेश को 233 के स्कोर पर समेट दिया था और फिर आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 34.4 ओवर में नौ विकेट पर 285 रन बनाए और फिर 52 रनों की बढ़त के साथ पारी घोषित की। इसी के साथ भारत ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन दर्ज किए।

## टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान का 6 अक्टूबर होगा सामना?



3 अक्टूबर से शुरू हो रहा टूर्नामेंट

नईदिल्ली। वुमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत 3 अक्टूबर से होने वाली है. ये टूर्नामेंट यूएई के मैदानों पर खेला जाएगा. जहां, टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के साथ 4 अक्टूबर को खेलेगी. वहीं, भारत दूसरे मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम से भिड़ेगी. तो आइए आपको आईसीसी वुमेन्स वर्ल्ड कप 2024 का पूरा शेड्यूल बताते हैं कि कब, कौन सी टीम किससे भिड़ने वाली है.

आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024 को आईसीसी ने तब यूएई में शिफ्ट करने का फैसला कर लिया, जब बांग्लादेश में हुए तख्ता पलट के बाद हालात खराब हो गए. टूर्नामेंट 3 अक्टूबर से शुरू होने वाला है. टूर्नामेंट में 10 टीमें हिस्सा लेने वाली हैं, जिसमें टीम इंडिया ग्रुप-ए का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान सहित, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका की टीमें भी शामिल हैं. भारतःहरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा सोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और सजना सजीवन ट्रैवलिंग रिजर्व उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवेर और साइमा ठाकुर नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व : राघवी बिस्ट, प्रिया मिश्रा।

### तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले मैच की तिथि व समय एक नजर में ...

3 अक्टूबर, गुरुवार, बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड, शारजाह, दोपहर 2 बजे 3 अक्टूबर, गुरुवार, पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, शारजाह, शाम 6 बजे 4 अक्टूबर, शुक्रवार, दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, दुबई, दोपहर 2 बजे 4 अक्टूबर, शुक्रवार, भारत बनाम न्यूजीलैंड, दुबई, शाम 6 बजे 5 अक्टूबर, शनिवार, बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड, शारजाह, दोपहर 2 बजे 5 अक्टूबर, शनिवार, ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका, शारजाह, शाम 6 बजे 6 अक्टूबर, रविवार, भारत बनाम पाकिस्तान, दुबई, दोपहर 2 बजे 6 अक्टूबर, रविवार, वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड, दुबई, शाम 6 बजे 7 अक्टूबर, सोमवार, इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह, शाम 6 बजे 8 अक्टूबर, मंगलवार, ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, शारजाह, शाम 6 बजे 9 अक्टूबर, बुधवार, दक्षिण अफ्रीका बनाम स्कॉटलैंड, दुबई, दोपहर 2 बजे 9 अक्टूबर, बुधवार, भारत बनाम श्रीलंका, दुबई, शाम 6 बजे 10 अक्टूबर, गुरुवार, बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज, शारजाह, शाम 6 बजे 11 अक्टूबर, शुक्रवार, ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान, दुबई, शाम 6 बजे 12 अक्टूबर, शनिवार, न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका, शारजाह, दोपहर 2 बजे 12 अक्टूबर, शनिवार, बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका, दुबई, शाम 6 बजे 13 अक्टूबर, रविवार, इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, शारजाह, दोपहर 2 बजे 13 अक्टूबर, रविवार, भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, शारजाह, शाम 6 बजे 14 अक्टूबर, सोमवार, पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, दुबई, शाम 6 बजे 15 अक्टूबर, मंगलवार, इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, दुबई, शाम 6 बजे 17 अक्टूबर, गुरुवार, सेमीफाइनल 1, दुबई, शाम 6 बजे 18 अक्टूबर, शुक्रवार, सेमीफाइनल 2, शारजाह, शाम 6 बजे 20 अक्टूबर, रविवार, फाइनल, दुबई, शाम 6 बजे

**दरगाह हो या मंदिर...**

मेहता ने एनजीटी में दाखिल एक याचिका का जिक्र करते हुए कहा कि उसके मुताबिक सात लाख वर्गगज वन भूमि पर अतिक्रमण है। 6. सॉलिसिटर जनरल ने जब कहा कि कोर्ट को यह ध्यान रखना होगा कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण के वास्तविक मामलों में कोर्ट के आदेश का लाभ न मिलने पाए तो जस्टिस गवई ने कहा कि वह पहले भी कह चुके हैं कि कोर्ट अवैध निर्माण और अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देगा। उन्होंने इस बात को और ज्यादा स्पष्ट करते हुए कहा कि अवैध निर्माण के मामलों में सुनवाई करते हुए कोर्ट को बहुत सावधान रहना चाहिए और सोच समझ कर चलना चाहिए। 7. मेहता ने कहा कि अवैध निर्माण के 70 फीसद केस वास्तविक होते हैं सिर्फ दो फीसद केस ऐसे होते हैं जैसे कि यहां याचिकाओं में आरोप लगाए गए हैं। हालांकि जस्टिस विश्वनाथन ने उन्हें बीच में टोकते हुए कहा कि यहां एक आंकड़ा है जिसके मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में 4.45 लाख डिमोलेशन हुए हैं। इसे आप थोड़ा नहीं कह सकते। वैसे भी अगर एक भी गलत है तो रोका जाना चाहिए। मेहता ने कहा कि इसमें वे मामले भी होंगे जो कोर्ट के आदेश पर ध्वस्तीकरण हुए हैं सुपरटेक का मामला, मराडू का मामला आदि। 8. सॉलिसिटर जनरल ने कहा पहला बाक्स और याचिकाकर्ता ने कहा दूसरा बाक्ससॉलिसिटर जनरल ने रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भेजने का दिया सुझावसॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इस मामले में उनका सुझाव है कि किसी भी संपत्ति पर कार्रवाई से पहले 10 दिन का नोटिस रजिस्टर्ड डाक से भेजा जाना चाहिए इससे यह विवाद ही समाप्त हो जाएगा कि नोटिस नहीं मिला या नहीं भेजा गया। दस दिन का समय भी दिया जाए। अगर कोई नोटिस रिसीव नहीं करता तो भी उसका प्रमाण रहेगा। 9. उनके सुझाव पर पीठ ने कहा कि नोटिस में उल्लंघन किये गए कानून का भी स्पष्ट जिक्र होना चाहिए। जब एक याचिकाकर्ता की ओर से नोटिस में दो गवाह होने का सुझाव दिया तो कोर्ट ने कहा कि जब सब फर्जी होगा तो गवाह भी फर्जी हो जाएंगे। सॉलिसिटर जनरल का सुझाव ठीक है कि नोटिस रजिस्टर्ड डाक से भेजा जाना चाहिए। जस्टिस विश्वनाथन ने नोटिस भेजने का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज किये जाने का भी सुझाव दिया ताकि हर चीज का रिकॉर्ड रहेगा और उसे देखा जा सकता है। 10. याचिकाकर्ता के वकील सीयू सिंह ने कहा कि कोर्ट यह सुनिश्चित करे कि अपराध रोकने या कानून व्यवस्था सुधारने के लिए बुल्डोजर कार्रवाई की आढ़ न ली जाए। उन्होंने उदाहरण दिया कि गुजरात में गणेश पंडाल में पत्थरबाजी करने वालों के घर उसी दिन ढहा दिये गए। ऐसे ही यूपी में हुआ कहा मकान कामन विलेज लैंड पर बना था।

# प्रथम पेज का शेष

11. दोनों ही मामलों में नोटिस दिया गया था लेकिन कार्रवाई अपराध दर्ज होने के तुरंत बाद की गई। हम कानून के खिलाफ नहीं है बल्कि कानून का गलत मंशा से प्रयोग न दिया जाए। ये पिछले दो साल से चल रहा है। लेकिन इस पर पीठ की टिप्पणी थी कि कामन विलेज भूमि तो सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हुआ। जस्टिस गवई ने यह भी कहा कि अगर कानूनी कार्रवाई एक साथ हो जाती है तो उसे कैसे रोका जा सकता है। सिंह ने कहा कि इसलिए उनकी मांग है कि कार्रवाई से पहले लंबी अवधि का 45 या 90 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए।

12. जस्टिस बीआर गवई ने अवैध निर्माण पर कार्रवाई से पहले 10 से 15 दिन का नोटिस दिये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इतना समय दिया जाना चाहिए। हालांकि यह भी कहा कि अवैध निर्माण के मामलों में कोर्ट को दखल देने में बहुत स्लो होना चाहिए और अगर स्टे लगाया गया है तो एक महीने के भीतर उसका निपटारा होना चाहिए। पीठ के दूसरे न्यायाधीश केवी विश्वनाथन ने भी कार्रवाई से पहले 15 दिन के नोटिस को जरूरी बताया। 13. उन्होंने कहा कि कम से कम 15 का नोटिस दिया जाना चाहिए ताकि परिवार वैकल्पिक व्यवस्था कर सके। उन मामलों में भी जिनमें नोटिस को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती, इतना समय मिलना चाहिए। महिलाएं बच्चे सड़क पर नहीं आ सकते। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह केस टु केस तय होना चाहिए। यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि अवैध निर्माण को संरक्षण न मिले। जस्टिस गवई ने कहा हम अतिक्रमण को नहीं छूने जा रहे है। यहां हम कोई उपचार देने के लिए दिशा निर्देश नहीं तय कर रहे बल्कि कानून में जो उपचार दिये गए हैं उसे लागू करने की बात कर रहे हैं।

***भारतीय वायुसेना देश के दुश्मनों ...***

भारतीय वायुसेना के 92वीं वर्षगांठ मनाने के लिए यह आयोजन होगा। वायुसेना की स्थापना 8 अक्टूबर, 1932 को हुई थी। यह वायु वीर 29 अक्टूबर को तवांग पहुंचने से पहले लेह, करगिल, श्रीनगर, जम्मू, चंडीगढ़, देहरादून, आगरा, लखनऊ, गोरखपुर, दरभंगा, बागडोगरा, हसिमारा, गुवाहाटी, तेजपुर और दिरांग में रुकेंगे। इस बीच, राजनाथ ने कहा कि रक्षा क्षेत्र के 32 लाख पेंशनरों में से तीस लाख को सफलतापूर्वक स्पर्श पोर्टल से संबद्ध कर दिया गया है।

***कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार है, ...***

कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे।

0 कांग्रेस ना काम करेगी ना करने देगी- पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा ने हमें सिखाया है कि काम करो, मेहनत से करो। कांग्रेस का फॉर्मूला है- ना काम करो और ना दूसरों को काम करने दो। कांग्रेस की राजनीति केवल झूठे वादों तक सीमित रहती है, जबकि भाजपा की राजनीति मेहनत और परिणामों पर टिकी है।

***आज लगेगा साल का आखिरी सूर्य ग्रहण...***

और 03 अक्टूबर को देर रात 03 बजकर 16 मिनट पर समाप्त होगा। हालांकि, रात्रि होने के चलते यह भारत में नहीं दिखाई देगा। इसके लिए सूतक भी मान्य या प्रभावी नहीं होगा। कुल मिलाकर कहें तो 02 अक्टूबर को लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। हालांकि, ग्रहण के दौरान शास्त्र सम्मत बातों का जरूर पालन करें।

***रायपुर में खेला जाएगा...***

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के जरिए हम क्रिकेट फैन्स और दिग्गजों को फिर एक बार साथ लाना चाह रहे हैं। सभी खिलाड़ी इसके लिए मेहनत करेंगे और दर्शकों को मनोरंजन का नया जरिया देंगे।

0 पुरानी यादें ताजा करने का बेहतरीन तरीका - वहीं गावस्कर ने कहा कि, आईएमएल पुरानी यादों को ताजा करेगी। टी-20 क्रिकेट के विकास ने खेल को नया मैजिक दिया है। आईएमएल के जरिए फैन्स लीजेंड प्लेयर्स को एक बार फिर खेलते हुए देखेंगे। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि पुरानी यादें ताजा करने का बेहतरीन तरीका है।

**विवाद से विश्वास स्कीम 2024...**

कैसे उठाए फायदा?- इस स्कीम का फायदा लेने के लिए आपको विवाद से विश्वास स्कीम 2024 के तहत जारी हुए फॉर्म 1 भरना होगा, जिसे इनकम टैक्स की वेबसाइट पर लाइव कर दिया गया है, जिसमें आपको डिक्लेरेशन देना होगा। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि आपके किसी भी डिक्लेरेशन को टैक्स अथॉरिटी की ओर से स्वीकार कर लिया जाएगा।

इतना प्रतिशत लगेगा जुर्माना - अगर आपकी टैक्स अपील 31 जनवरी, 2020 से 22 जुलाई, 2024 के बीच दायर की गई है और इस स्कीम के तहत बकाया भुगतान 1 अक्टूबर 2024 से 31 दिसंबर, 2024 के बीच किया जाता है तो विवादित कर का 100 प्रतिशत और ब्याज, जुर्माना और फीस का 25 प्रतिशत अदा करना होगा। वहीं, अगर आप एक जनवरी 2025 के बाद भुगतान करते हैं तो विवादित कर का 110 प्रतिशत और ब्याज, जुर्माना और फीस का 30 प्रतिशत चुकाना होगा। टैक्स अपील 31 जनवरी, 2020 से पहले दायर की गई है और इस स्कीम के तहत बकाया भुगतान 1 अक्टूबर 2024 से 31 दिसंबर, 2024 के बीच किया जाता है तो विवादित कर का 110 प्रतिशत और ब्याज, जुर्माना और फीस का 30 प्रतिशत अदा करना होगा। वहीं, अगर आप एक जनवरी 2025 के बाद भुगतान करते हैं तो विवादित कर का 120 प्रतिशत और ब्याज, जुर्माना और फीस का 35 प्रतिशत चुकाना होगा। करदाताओं की प्रतिक्रिया- पहले सरकार की ओर से विवाद से विश्वास स्कीम 2020 लाई गई थी, जिसमें 31 जनवरी, 2020 से पहले की इनकम टैक्स अपील को निपटाया गया था। इस योजना को करदाताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी।

***बंद राइस मिल से 11.94 करोड़ के धान की...***

संतोष जनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने के कारण संचालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कराया जाएगा। डीएमओ बीएस टेकाम को मेसर्स मंगल राइस मिल संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने निर्देश दिए गए हैं। 3852.17 मेट्रिक टन धान उठाया और चावल जमा नहीं कराया- अपर कलेक्टर एवं जिला खाद्य अधिकारी मरकाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित नवा रायपुर निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में भारतीय खाद्य निगम में औसत से कम चावल जमा करने वाले राइस मिलों का भौतिक सत्यापन करने गठित जिला स्तरीय जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई है।

मेसर्स मंगल राइस मिल को पहले भी छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के उल्लंघन के कारण 2 वर्ष ब्लैक लिस्टेड किया गया था। मंगल राइस मिल ने समितियों से उठाए गए कुल धान की मात्रा 3 हजार 895 मेट्रिक टन धान के विरूद्ध एफसीआई एवं नान में जमा चावल की मात्रा 28.98 मेट्रिक टन है। बारदाना 725 नग, शेष धान की मात्रा 3852.17 मेट्रिक टन और जमा के लिए शेष चावल की मात्रा 2606.76 मेट्रिक टन है। राइस मिल संचालक कमला ठाकुर ने 3852.17 मेट्रिक टन धान यानी कुल 11 करोड़ 94 लाख रुपए का गड़बड़झाला किया है, जो छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चायल उपार्जन आदेश 2016 का स्पष्ट उल्लंघन है। छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के कण्डिका 9 के तहत् दण्डनीय अपराध है। कस्टम मिलिंग नीति 2023-24 के कंडिका 6.18 एवं किए गए अनुबंध पत्रों की शर्तों का भी उल्लंघन है। मामले में मेसर्स मंगला राइस मिल संचालक को दोषी पाया गया है।

# वनांचल प्रवास के दौरान शहर के कार्यकर्ताओं से मिले सांसद

## दो बुजुर्गों को सदस्यता दिला कार्यकर्ताओं में फूंकी जान



डोंगरगांव (दावा)। वनांचल प्रवास के दौरान राजनांदगांव लोकसभा के दूसरी बार सांसद निर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय डोंगरगांव शहर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान को सफल बनाने अपील की। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के आह्वान पर पूरे देश में चल रहे महासदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु श्री पांडे अपने लोकसभा क्षेत्र के सुदूर जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के निर्धारित कार्यक्रम को संपन्न कर राजनांदगांव लौटते समय डोंगरगांव नपं के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता के प्रतिष्ठान में रुके।

जहाँ नगर के ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलकर सभी का कुशल क्षेम लिया तथा साथ ही सदस्यता अभियान को सफल बनाने विनम्र अपील करते हुए नगर के पूर्व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व सदस्य खोमराज देवांगन व उनके साथी पूनाराम देवांगन को अपने रेफरल कोड के माध्यम से सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने मोदीजी के इस महाअभियान से जुडने व सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जरुरतमंद मिलने आए कुछ नागरिकों को अपने तरफ से त्वरित सहायता राशि भी प्रदान करते हुए अपने उदारता का परिचय दिया। इस मुलाकात में नगर के पूर्व नपं उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, प्रदेश पिछड़ा वर्ग के सदस्य रमजान बडगुजर, विधि प्रकोष्ठ संयोजक सतीष पाण्डेय, समाजसेवी अनिल टावरी, राजेन्द्र ठाकुर, आलोक श्रोती, श्री सिन्हा, विकास गुप्ता, सुयश गुप्ता, गोपीचंद नंदेश्वर, हरिप्रसाद शर्मा आदि से भेंट की तत्पश्चात सांसद संतोष पाण्डेय ने वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.नीरेंद्र साहू के जन्मदिन के अवसर पर उनसे भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं व बधाईयां भी दी।

## आबकारी विभाग ने अवैध रूप से 150 नग पौव्वा महाराष्ट्र निर्मित शराब की जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि आज गुप्त सूचना पर वृत्त चिचोला आबकारी विभाग की टीम द्वारा थाना गैंदाटोला अंतर्गत ग्राम जोशीलमती निवासी टोमन लाल साहू के घर पर छापा मारा और कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संत्री 150 नग पौव्वा जप्त किया गया। आरोपी को धारा 34(2), 36, 59 उत्पाद अधिनियम के तहत हिरासत में ले लिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया चल रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# प्राथमिक शाला चिचदो को बनाया गया उल्लास आदर्श साक्षरता केंद्र

**डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिचदो के प्राथमिक शाला से उल्लास नव नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श साक्षरता केंद्र का शुभारंभ किया गया। दिनांक 30 सितंबर को ब्लाक स्तरीय उल्लास कार्यक्रम केंद्र का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी रश्मि सिंह की अध्यक्षता में किया गया।**




कार्यक्रम में एपीसी मनोज मरकाम व ब्लॉक के उल्लास नोडल के रूप में एबीइओ क्षितिज सोरी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती सिंह ने बताया कि केंद्र प्रवर्तित यह योजना 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए प्रारंभ की गई है, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई लिखाई नहीं की है, उन्हें स्वयं सेवी शिक्षकों के द्वारा स्वयंसेवी भावना से पठन-पाठन कराया जाएगा ताकि वह अंक ज्ञान, अक्षर ज्ञान प्राप्त कर सके और जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना कर निरंतर प्रगति और उन्नति को प्राप्त कर सके। वहीं सहायक परियोजना समन्वयक मनोज मरकाम ने शिक्षार्थियों से आग्रह किया कि वे नियमित पठन पाठन का लाभ उठाएं एवं अपने परिवार में शिक्षा का माहौल निर्मित करे।

उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों को इस कार्य से जुड़ने के लिये शुभकामनाएं दी है। ग्राम के असाक्षर लोगों को साक्षर बनने हेतु किया प्रेरित। वहीं निरक्षर लोगों को पढ़ाने हेतु वॉलिंटियर्स के रूप में नेहा कंवर, साधना ठाकरे, चुरेंद्र साहू, झलेश साहू, डिंपल साहू, भवानी शंकर साहू को किस प्रकार कक्षा का संचालन, निरक्षर को साक्षर करने के संबंध में बताया गया। उल्लास साक्षरता से संबंधित पुस्तक कॉपी व पेन देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रहमनदास साहू, सहायक शिक्षक रूपेंद्र देवांगन एवं सहायक शिक्षिका कोनिका सोनी के नेतृत्व में किया गया।

इस क्रम में शाला समिति अध्यक्ष गणेश्वरी साहू व ग्राम का सिंगार करने हेतु श्रीमती सोनी के द्वारा बनाई गई टीम के सदस्य उपस्थित रहे। बता दे इस टीम का उद्देश्य ग्राम में हरियाली लाना व ग्राम के लोगों को शिक्षा और अन्य गतिविधियों के लिए जागरूक करना है। समय-समय पर रैली निकालकर व पोस्टर के द्वारा ग्राम के लोगों को जागरूक किया जाता है वहीं उनके द्वारा ग्राम लगभग 300 पौधों का रोपण किया गया है। उल्लास कार्यक्रम को लेकर के भी श्रीमती सोनी के द्वारा निर्मित गीत के माध्यम से असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने हेतु प्रेरित की। कार्यक्रम में 50 असाक्षर व 10 स्वयम सेवी शिक्षक ग्राम प्रभारी सहित ग्रामीणजन व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# 'उल्लास' नव नवभारत साक्षरता कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। 'उल्लास' नव नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आज विकासखंड छुरिया के ग्राम पंचायत घोघरे में संकुल समन्वयक एवं शिक्षार्थियों को स्वयंसेवी भावना से पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में विकासखंड छुरिया के 15 संकुल समन्वयकों ने भाग लिया साथ ही आसपास ग्राम के स्वयंसेवी शिक्षक भी उपस्थित रहे। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि प्रत्येक संकुल कें एक ग्राम पंचायत में आदर्श उल्लास केंद्र की स्थापना स्कूल में उपलब्ध संसाधन के द्वारा की जाएगी आपने इस अवसर पर नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े स्वयंसेवी शिक्षकों को जो 10वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्यनरत हैं उन्हें 10 असाक्षरों को पठन-पाठन कर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस प्रदान किए जाने के संबंध में जानकारी दी।




संकुल समन्वयक एवं स्वयंसेवी शिक्षकों की बैठक संपन्न

# कौड़ीकसा रक्तदान शिविर रक्तमित्र फनेन्द्र जैन 125वां एवं बेटे हर्ष जैन 25वां रक्तदान



अंबागढ़ चौकी (दावा)। आज ग्राम कौड़ीकसा में आयोजित एस बीआई लाइफ इंश्योरेंस एवं साई सेवा समिति चिल्हाटी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान महादान में 58 महान रक्तवीरों ने जनभावनाओं कद्र कर सेवा व समर्पण के भाव लिए अपना बहुमूल्य समय निकालकर जरूरतमंद लोगों तक समयानुसार रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो और किसी जरूरतमंद व्यक्ति की समय पर मदद हो सके। ऐसी अच्छी और उच्च विचार के साथ रक्तदान बनेगा - जनअभियान में अपनी सहभागिता निभाने वाले सभी रक्तदानियों का आभार व्यक्त किया।

इस पुनीत कार्य मे महत्वपूर्ण अग्रणी भूमिका हेतु दिगम्बर शांडिल्य व गालेश गिरी गोस्वामी, कृष्णा साहू, यादव जी चिल्हाटी से एवं कौड़ीकसा अस्पताल की पूरी टीम, मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव की पूरी टीम, कौडीकसा के समस्त ग्रामवासीगण व हम सभी के प्रेरणादायक रक्तमित्र फनेन्द्र जैन 125वां रक्तदान कर इतिहास लिखने वाले महान रक्तवीर एवं बेटे हर्ष जैन 25वां रक्तदान, मनोज कोरटीया सरपंच अरजकुण्ड 27 बार रक्तदान कर अंचल को गौरवान्वित किये। विशेष मार्गदर्शन व आशीर्वाद हेतु कोमल जंघेल (पूर्व संसदीय सचिव खैरागढ़), मदन साहू, श्रीमति नम्रता सिंह, श्री मंडावी (सीएमओ) मोहला, हेमेंद्र भूआर्य (एसडीएम) मोहला, नागेश यदु, यूनुस खान, चित्रांगन साहू एवं शत्रुघन चुरेन्द्र, लक्ष्मण देवांगन, संदीप साहू, विजय फरदिया उपस्थित रहे।

# पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय भठिन्डा में प्रो डॉ. राजन यादव का विशेष व्याख्यान

**खैरागढ़ (दावा)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में हिंदी विभाग के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय प्रो. राजन यादव ने पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय भठिन्डा में राष्ट्रीय एकता में हिंदी की भूमिका विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रो यादव का सम्मान हिन्दी विभाग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सेन, डॉ राजकुमार उपाध्याय एवं डॉ. दीपक पाण्डेय के द्वारा शाल और गीता भेंट कर किया गया।**



हिन्दी पखवाडा 2024 के तहत 26 एवं 27 सितम्बर को देश में टाप के 100 विश्वविद्यालयों में 84वॉ स्थान रखने वाले पंजाब विश्वविद्यालय रिसर्च और नवाचारों के मामले में बहुचर्चित है। प्रो यादव ने बताया कि भाषा संस्कृति का अभिन्न अंग है। ये अपने जन्म काल से संतों की भाषा रही है। हिन्दी हमें आपस में जोड़ने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। महात्मा गांधी ने इसके माध्यम से आजादी की पूरी लड़ाई लड़ी।

### द्वितीय दिवस 'विद्यार्थियों से संवाद

कार्यक्रम में प्रो यादव ने जनपदीय साहित्य का महत्व एवं लोक साहित्य की संप्रेषणीयता पर प्रकाश डाला। शोधार्थियो एवं विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर प्रो यादव ने अनेक प्रान्तों के जनपदीय साहित्य से सोदाहरण दिया। प्रो. यादव ने अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'तुलसी तरंग' विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी को भेंट की हिन्दी पखवाडा के समापन समारोह में भी प्रो राजन यादव शामिल हुए,जिसमें मुख्य अतिथि शिवप्रसाद शुक्ल राज्यपाल हिमाचल प्रदेश, अध्यक्ष आचार्य राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री आचार्य हरमोहिन्दर बेदी कुलाधिपति केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा चलाया स्वच्छता अभियान




डोंगरगढ़(दावा)। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा विद्यालय परिसर पंच मुखी हनुमान मंदिर परिसर, वार्ड नंबर एक के मुख्य मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें इकाई के 30 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम एनएसएस प्रमुख वीर सिंह यादव के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ।

# रासेयो के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम कुमरदा के हायर सेकेंडरी स्कूल में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बसंत कुमार यादव के मार्ग दर्शन में 15 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के थीम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने हाथो में झाड़ू, फावड़ा लेकर भारत माता के जय घोष कर स्वच्छता के नारे लगाते ग्राम के सार्वजनिक स्थल बाजार, अस्पताल, छात्रावास के पास, गलियों तथा तालाब के घाटों में श्रमदान कर स्वच्छता कार्य कर स्वच्छता का संदेश दिया। व्याख्याता वीरेंद्र वैष्णव ने कहा कि स्वच्छता ईश्वरीय गुण है।

# शिक्षक दिनेश कुरेटी ने निर्धन छात्रों को बांटा नि:शुल्क पेन-कापी



कल्लूबंजारी (दावा)। छुरिया विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक कल्लूबंजारी के नवाचारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में निर्धन छात्रों को निःशुल्क पेन-कापी बांटकर अच्छे से पढ़ाई-लिखाई करने की हिदायत दी।

उल्लेखनीय है कि नवाचारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष अपने विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराते है तथा समस्त बच्चों को निःशुल्क पेन तथा निर्धन बच्चों को निःशुल्क पेन एवं कापी बांटकर अच्छा से पढ़ाई लिखाई करने की हिदायत देते है। प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी शिक्षक श्री कुरेटी अपने शाला के उपस्थित 130 बच्चों को निःशुल्क पेन तथा 40 बच्चों को पेन एवं कापी बांटकर अच्छा से पढ़ाई-लिखाई करने की हिदायत दी। पेन-कापी प्राप्त किये गये बच्चों में लगभग 10 बच्चे निर्धन परिवार से संबंध रखते है। जिनको पेन- कापी मिलने से कापी राहत मिली। इस अवसर शाला के प्रधान पाठक यु.एस. मंडावी, शिक्षकगण तिलक राम बढ़ई, शोभराय कार्ते, गीता कन्नौजे, चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम एवं रोमन कुमार साहू सहित 130 छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानपाठक यु.एस. मंडावी ने कहा कि शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी द्वारा निर्धन छात्रों को प्रतिवर्ष निःशुल्क पेन-कापी का वितरण करना अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय कार्य है।

# गौरव तिवारी व मानसी जंघेल को मिला शिक्षा सम्मान, बढ़ाया नगर व गांव का नाम

**गंडई पंडरिया (दावा)। राजधानी रायपुर के कृषि महाविद्यालय में शनिवार 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ के हर जिले से टॉपटेन में अपना स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान एक निजी न्यूज़ चैनल के द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।**



इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहे, ज्ञात हो कि नगर के नजदीकी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धोधा में वर्ष 2023-24 में अध्ययन रहे छात्रा मानसी जंघेल पिता सुमंत जंघेल ने पूरे के सीजी जिले में टॉप टेन में अपना स्थान बनाया था, इन्होंने 92.6 प्रतिशत लाकर टॉप टेन में अपना स्थान बनाया था, इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद हिंदी/अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय गंडई में वर्ष 2023-24 शिक्षा सत्र में अध्यनरत रहे छात्र गौरव तिवारी पिता लीकेश तिवारी ने 91.66 प्रतिशत अंक लेकर जिले में द्वितीय स्थान बनाया था। इन दोनों छात्रों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिक्षा सम्मान से सम्मानित करते हुए शील्ड से नवाजा गया है। दोनों को शिक्षा सम्मान मिलने पर प्राचार्य दुर्जन जंघेल, पवन ददरया सहित परिजनों एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गौतम बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, दया, करुणा और मानवता का संदेश हम सबको दिया : भोलाराम साहू



चौकी में भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण
हजारों की संख्या में बौद्ध अनुयाई हुए शामिल

अंबागढ़ चौकी(दावा)। चौकी मोहला मानपुर जिले के चौकी विकासखंड में भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया गया। हजारों लोगों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भदंत सुरई ससाई (जापान) वर्तमान में नागपुर के बौद्ध विहारों में धम्म सेवा में लिन थे।

बता दें कि आस्था एवं सर्वसमाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम के अथक प्रयास से प्रतिमा स्थापित किया गया है। इस कड़ी में अम्बागढ़ चौकी बस स्टैण्ड में तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण भदंत सुरई ससाई के हाथों त्रिशरण पंचशील के पश्चात किया गया। कार्यक्रम में जहां महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायी उपस्थित हुए वहीं राजनांदगांव जिले के अलावा, दुर्ग और भिलाई से भी लोगों की उपस्थिति हुई। प्रतिमा का अनावरण भन्ते आर्य नागार्जुन सुरई ससाई जापान, अध्यक्ष - नागपुर दीक्षा भूमि के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से विशेष उपस्थिति भोलाराम साहू विधायक, विनोद खांडेकर पूर्व विधायक, संजीव शाह पूर्व विधायक, रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष, नगर पंचायत अं. चौकी, धीरज मेश्राम डोंगरगढ़, संतराम रामटेके, प्रज्ञा गोडबोले, जोगी राव खोब्रागड़े, मुकेश शुक्ला, हीरालाल गजभिए, विवेक मिलिंद और समाज के प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कमला कॉलेज में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक दिवसीय प्रर्दशनी आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष श्रीमती ममता आर. देव के मार्गदर्शन में पोषण माह के तहत् छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन तथा कम लागत वाले पौष्टिक व्यंजन विषय पर एक दिवसीय प्रर्दशनी का सफल आयोजन डॉ. रेणु त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक, गृह विज्ञान तथा अतिथि व्याख्याता डॉ. अर्चना खरे के द्वारा किया गया। प्रर्दशनी में सभी संकाय की जीई, डीएससी, बेसिक न्यूट्रिशन की छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न प्रकार के कम लागत वाले पौष्टिक व्यंजन तथा छत्तीसगढ़ी पारंपारिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न व्यंजनों के पोषक मूल्यों और उनके उपचारात्मक गुणों की जानकारी दी गयी तथा पोषण स्वास्थ्य और आहार के संबंध में जागरूकता प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं द्वारा बनाए गये विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की सराहना की व आहार तथा पोषण के महत्व के संबंध में बताया।

# जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन



खेल से युवाओं को मिलेगा बेहतर भविष्य - विक्रांत सिंह

खैरागढ़(दावा)। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम करममतरा में क्रीड़ामण्डल एवं समस्त ग्रामवासीयों के तत्वावधान में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित हुए, साथ ही अध्यक्षता जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह 'बोनी' ने की कार्यक्रम का विधिवत पूजा अर्चना करते हुए, उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विक्रांत सिंह ने कहा कि आज के दौड़ में युवा कबड्डी के खेल से विमुख होते जा रहे हैं। जबकि पूर्वजों के जमाने से गांव देहात में कबड्डी खेले जाने का प्रचलन रहा है। आज के बच्चे खेल से ज्यादा टीवी और इंटरनेट से चिपके रहते हैं। जो शारीरिक और मानसिक विकास करने में सक्षम नहीं है।। विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि करमतरा में ग्रामीणों द्वारा इस वर्ष रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजित किया जाना एक सराहनीय कदम है।

इसी कड़ी में आयश सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर जनसमूह एवं खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए खेल को मानव जीवन के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अहम हिस्सा बताया। इस दौरान लीला मिनेश साहू, जयप्रकाश साहू, यादवराम साहू, राधेचरण साहू, नरेंद्र साहू, हेमचन्द वर्मा, तिलक वर्मा सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नेहरू महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र परिषद का गठन, निकिता कंड्रा अध्यक्ष मनोनित



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही रेवती के दिशा निर्देशन में प्राणिशास्त्र विभाग द्वारा सत्र 2024-25 हेतु प्राणिशास्त्र परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विज्ञान संकाय प्रभारी श्रीमति सोनाली लोया खानखोजे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहा.प्राध्या. ओ.पी. वर्मा मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरूवात माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। प्राणीशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ.गोकुल प्रसाद साहू ने अतिथियों के स्वागत किया तथा परिषद के महत्व को बताया। प्राणीशास्त विभागाध्यक्ष ओ.पी. वर्मा ने परिषद के पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें प्राणिशास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्रा पदाधिकारी के रूप में मनोनीत किए गए । अध्यक्ष के रूप में निकिता कंड्रा, उपाध्यक्ष मोनिका देवांगन, सचिव राहुल यादव, सह सचिव पायल देवांगन, कोषाध्यक्ष झरना लाउत्रे, कार्यकारिणी सदस्य देवव्रत, महेंद, भूपेंद्र और योगेश देवांगन मनोनीत किए गए। मुख्य अतिथि श्रीमती लोया द्वारा समस्त पदाधिकारी को पद एवं उचित दायित्व निर्वाहन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्षन डॉ. गोकुल प्रसाद साहू ने किया।

# नगर निगम की दूसरे दिन की भी सभा रही हंगामेदार

## झूठा... पागल आदि शब्दों के चले बाण, नगर निगम की सामान्य सभा के शेष विषय चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम टाउन हाल में आयोजित कांग्रेस सत्ता पक्ष की आखिरी सामान्य सभा दूसरे दिन भी हंगामेदार रही। पहले दिन की सभा में एक कांग्रेस पार्षद दिन भर बाहर में धरना देकर बैठे रहे, वही मंगलवार की सभा में झूठा, पागल आदि के शब्दबाण चलने से विपक्षी पार्षदों द्वारा जोरदार विरोधात्मक रूख अख्तियार किया गया। इससे सदन 15 मिनट तक स्थगित रही। मामला बढ़ते देख महापौर द्वारा खेद व्यक्त किया जाने पर ही सदन फिर से सुचारू हुआ।

इसी तरह सदन में सत्ता पक्ष के एक पार्षद को बोलने का मौका नहीं दिए जाने से उसे आक्रोश व्यक्त करते देखा गया। कांग्रेस के पार्षद राजा तिवारी ने सभागार हाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का चित्र नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए और अपने ही पार्टी के सभापति को घेरे में ला दिया। इधर भाजपा पार्षद डामरीकरण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर सत्ता पक्ष को जमकर घेरा। पार्षद मधु बैद ने स्वर्गरथ में शुल्क लगाने का पूरजोर विरोध किया। वैसे देखा जाये तो विपक्ष ने सत्ता पक्ष को कई मुद्दे पर घेरा लेकिन सत्तापक्ष के पास बहुमत होने के किसी लाए गए ज्यादातर विषय पास होते चले गए।

### चम्पू को बोलने का मौका नहीं

इंदिरा नगर वार्ड के पार्षद राजेश गुप्ता चंपू मंगलवार की सभा में थोड़ी देर से क्या पहुंचे उसे आसंदी द्वारा बोलने का मौका नहीं दिया गया। इससे वे आक्रोशित रहे। उन्होंने महतारी वंदन योजना की बात उठाई। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा। फार्म भी नहीं भरे जा रहे है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को उसके वार्ड के 65 लोगों को उक्त योजना का लाभ नहीं देने तथा निगम द्वारा सफाई में भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया।

आज शेष 7 विषयों पर आयोजित बैठक में सभी विषयो में पार्षदों द्वारा क्रमानुसार चर्चाकर निर्णय लिया गया, जिसमें विषय क्रं. 5 में स्वर्ग रथ का शुल्क निर्धारण एवं विषय 6 जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने पर सदस्यों ने चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया। वही मिशन क्लीन सिटी परियोजना अंतर्गत उपभोक्ता शुल्क की वसूली संपत्तिकर, समेकितकर के साथ जोड कर वसूली किये जाने संबंधी विषय को प्रक्रिया पूर्ण करने वापस किया गया। शेष विषयों क्रमशः विषय क्रं. 8, 9, 10 व 11 में, फ्लाई ओव्हर के नीचे रिक्त स्थल पर वाहन पार्किंग व्यवस्था नियम शर्तो एवं दर की स्वीकृति, लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एवं अनुमोदन तथा रेल्वे स्टेशन पुराने सफाई कार्यालय के दुकानों की स्वीकृति के अलावा अंतिम विषय में हाट बाजार व्यवसायिक परिसर स्थित प्रथम तल की दुकान क्रं. 1 से 14 एवं दुकान क्रं. 16 से 20 तक की प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित की गयी।

सभी विषयों में सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया, चर्चा उपरांत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया, उसके पश्चात क्रम से सभी विषय सर्व सम्मति से पारित किया गया। सामान्य सभा की बैठक में दोनों दिन उपस्थिति के लिये निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता ने महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष श्रीकिशुन यदु, आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदों, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों व पत्रकारों एवं अधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक के अंत में पूर्व नामांकित पार्षद झम्मन देवांगन के पुत्र मयंक देवांगन के आकस्मिक स्वर्गवास पर उन्हें दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गयी।



### पागल शब्द पर महापौर ने मांगी माफी

मंगलवार को शेष विषय पर चर्चा व विचार व्यक्त करने के लिए पुनः आहूत की गई सामान्य सभा में पेयजल आदि के संबंध में भाजपा पार्षद मणिभास्कर गुप्ता द्वारा मामला उठाए जाने पर महापौर ने उसे पागल कह दिया। इससे सभी भाजपा पार्षद भड़क उठे और इसके विरोध में सभापति की आसन तक पहुंच गए और महापौर को माफी मांगने के लिए अड़ गए। इससे सदन को स्थगित कर देनी पड़ी। मामला बढ़ते देख महापौर हेमा देशमुख ने खेद व्यक्त किए जाने परांत मामला शांत हुआ।

# सरपंच सचिव के कारनामे से परेशान गांव वालों ने पंचायत भवन में जड़ा ताला



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खैरझिटी में सरपंच-सचिव के कारनामे से परेशान होकर आज गाँव वाले ने मिलकर पंचायत भवन में ताला जड़ दिया.

बता दे कि जिला मुख्यालय से महज 12 किमी की दूरी पर ग्राम खैरझिटी है, जहाँ 22 दिन पूर्व गाँव के पूरे ग्रमीण कई टैक्टर और गाड़ियों में भरकर सरपंच सचिव की शिकायत कलेक्टर से करने पहुँचे थे. ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच सचिव के द्वारा लगातार अपने पदों का दुरुयोग कर भ्रष्टाचार सहित कई अनियमितताएं उनके द्वारा बरती जा रही, जिससे पूरे गाँव के ग्रामीण नाराज में है, आज वही ग्रामीणों के द्वारा जिस पंचायत भवन में बैठकर गाँव की विकास का योजना बनाई जाती थी, उसी भवन में आज ग्रामीणों ने ताला जड़ दिया। वही ग्रामीणों ने जांच कर रहे अधिकारियों पर बड़ा सवाल उठाया है, वही सरपंच सचिव को बर्खास्त करने की मांग किये है.

# कलेक्टर ने जनदर्शन में संवेदनशीलतापूर्वक सुनी आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।



**अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश**

जनदर्शन में श्रीमती इन कुमारी ने अंत्योदय श्रेणी के राशन कार्ड के लिए, तुकेराम ने ई-रिक्शा प्रदान करने, श्रीमती पुष्पा ध्रुर्वे ने नजूल भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने पर, धरमराज वर्मा ने अतिक्रमण की शिकायत, श्रीमती उर्मिला सिन्हा ने जीवन यापन हेतु ई-रिक्शा प्रदान करने, श्रीमती देवकी बाई ने मकान जलने पर आर्थिक सहायता के लिए, बाकल के सखराम पटेल एवं हेमंत कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए, पटेवा के राजेश कुमार साहू ने व्यावसायिक परिसर से अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आज डॉ. रमन जिले के प्रवास पर



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 2 अक्टूबर 2024 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष सुबह 11.40 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक दुर्गा चौक लखोली में स्वच्छता पखवाड़ा तथा महात्मा गांधी की मूर्ति में माल्यार्पण कार्यक्रम तथा दोपहर 1 बजे से दोपहर 1.45 बजे तक गांधी सभागृह नगर निगम स्कूल जीई रोड राजनांदगांव में स्वच्छता दीदीयों के सम्मान कार्यक्रम में शामिल होंगे। डॉ. रमन सिंह दोपहर 2 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास पहुंचेंगे और शाम 5 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता दीदियों का करेंगे सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आज विधानसभा के प्रवास पर 11:30 बजे विधानसभा कार्यालय पहुंचेंगे, जहां से दोपहर 11:40 बजे दुर्गा चौक लखोली पहुंचकर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महात्मा गांधी की मूर्ति में माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 1 बजे डॉ. रमन सिंह गांधी सभागृह, जीई रोड, म्युनिसिपल स्कूल पहुंचकर स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता दीदियों के सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

# ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। मोतीपुर रेल्वे फाटक के पास मंगलवार को एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस ने एक सुसाईड नोट बरामद किया है। जानने में आ रहा है कि वह बीमारी से परेशान था।

**सुसाइड नोट मिला**

मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट के आधार पर कहा जा रहा है कि उक्त व्यक्ति ने बीमारी के चलते आत्महत्या की है।

मृतक को खैरागढ़ क्षेत्र का बताया जाता है। पुलिस जांच में जुटी है।






## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 53 कपड़ा व बर्तन की आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 32 हजार 500 रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# 6 वर्षीय सिमरन को बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिये सीएम साय ने स्वीकृत किये 18 लाख रू.

## गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को ईलाज हेतु सीएम ने स्वीकृत किए कुल 29 लाख 47 हजार रूपये

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा थैलेसेमिया मेजर (रक्त विकार) की गंभीर बिमारी से जूझ रही शहर की 06 वर्षीय मासूम बच्ची सिमरन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अनुशंसा पर बोनमैरो ट्रांन्सप्लांट किये जाने हेतु 18 लाख रूपये की राशि दिनांक 24 सितंबर को स्वीकृत की गई है।

उक्त राशि संबंधित अस्पताल न्यू ऐरा चाईल्ड केयर हॉस्पिटल नागपुर के खाते में भुगतान करके पीड़ित निर्धन बालिका के ईलाज एवं बोनमैरो ट्रान्सप्लांट ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। कु. सिमरन के पिता प्रीतम सिंह, वार्ड नं.19, ममता नगर, गली नं.03, गुलमोहर कॉलोनी, राजनांदगॉव के निवासी है, जो साधारण परिस्थिति के कारण अपनी पुत्री के ईलाज का भारी भरकम व्यय सहन करने में असक्षम है। इलाज स्वीकृति आदेश की एक प्रति पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने हॉथों से 06 वर्षीय नन्ही बालिका कु. सिमरन के समक्ष उनके पिता प्रीतम सिंह, ब? पापा पवन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुपर्ण सिंह बघेल, भाजपा नेता राजेन्द्र जैन (बंटू) की उपस्थिति में प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने कु0 सिमरन को गुलदस्ता भेंट करते हुए उससे हाथ मिलाया और इस नन्ही बालिका को स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखद जीवन के लिये शुभकामना दी। परिजनों के द्वारा इलाज हेतु राज्य शासन से इतनी बड़ी आर्थिक मदद



**पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के प्रयास पर कृतज्ञता व्यक्त की**

स्वीकृत होने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे, एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को बारम्बार धन्यवाद देते हुए उनके प्रति कृतज्ञता एवं आभार प्रकट किया गया है।

पूर्व सांसद ने बताया कि राजनांदगॉव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विगत 3 माह में 5 विभिन्न प्रकरणों में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से कुल राशि 29,47,770 रू. गंभीर रूप से पी?ित निर्धन मरीजों को संबंधित अस्पताल के लिये जारी कर लाभान्वित किया गया है, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, छ.ग.विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगॉव विधायक डॉ. रमन सिंह जी, सांसद राजनांदगॉव संतोष पाण्डे जी के संयुक्त प्रयासों का नतीजा है। उन्होंने आगे बताया कि राजनांदगॉव संसदीय क्षेत्र की मरीज श्रीमती राजकुमारी सिन्हा पति श्री भुनेश्वर कुमार सिन्हा, ग्राम भोथी पोस्ट जालबांधा, जिला के0सी0जी0 को लीवर संबंधी गंभीर बिमारी के ईलाज हेतु अपोलो हास्पिटल हैदराबाद में चिकित्सा हेतु 24.09.2024 को 257800 रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके पूर्व 13.08.2024 को भी राजनांदगॉव शहर की मरीज कल्याणी यादव, पिता सुदेश यादव निवासी शंकरपुर रामनगर, राजनांदगॉव को संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल रायपुर में इलाज हेतु 3,25,600 रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। दिनांक 13.08.2024 को ही चमेलीबाई साहू, पिता थानसिंह साहू, निवासी ग्राम कुसमी (पारीखुर्द), राजनांदगॉव को 3,26,770 रू. की राशि एम्स रायपुर में हृदय धमनी बाईपास शल्यक्रिया हेतु स्वीकृत की गई है। इसके पूर्व दिनांक 26.07.2024 को शब्बर अली नकवी, आत्मज नियाज अली निवासी गौरीनगर राजनांदगॉव को 2,37,600 रू. की राशि हेमोडायलिसिस उपचार हेतु आरोग्यम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग के नाम से जारी किया गया है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे उक्त सभी मरीजों के परिजनों द्वारा राजनांदगॉव के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से प्रत्यक्ष मुलाकात कर मरीज के इलाज का आवेदन पत्र देते हुए शासन से सहायता उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही की गई है।